हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 323, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 17 मई, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## तहसीलों की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार जरूरी, समय सीमा के भीतर हों काम : योगी

### वरासत व उत्तराधिकार से जुड़े प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए

लखनऊ। तहसीलों की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की आवश्यकता है। हमें पारदर्शिता, समयबद्धता को लेकर ठोस प्रयास करना होगा। शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण एक समय सीमा के भीतर होना चाहिए। डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जाए। वरासत व उत्तराधिकार से जुड़े प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। आमजन की अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए तहसीलों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें मंगलवार को ये बातें अफसरों के साथ बैठक में कही। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं की समीक्षा की।



उन्होंने निर्देश दिया कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक 56.17 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। मात्र 15 राजस्व गांवों में सर्वेक्षण का कार्य शेष है, इसे भी यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र "घरौनी" मिल जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं की सहज-सुलभ उपलब्धता के लिए टेलीकन्सल्टेशन और हेल्थ एटीएम की सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इससे बीमारी की दशा में रिमोट एरिया के लोगों को अच्छे डॉक्टरों का परामर्श मिल सकेगा। हेल्थ एटीएम के लिए प्रशिक्षित मैनपावर तैनात किया जाए। टेलीकन्सल्टेशन सेवा को विस्तार देते हुए इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए।

प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर बिना बिलंब यथोचित समाधान किया जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता देते हुए निस्तारित किया जाए। अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग अभियान का आम जन के बीच अच्छा संदेश गया है। लोगों में संक्रामक, संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमें ऐसे ही प्रयास लगातार जारी रखने होंगे। गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल में इंसेफेलाइटिस, बरेली व आस-पास के मंडल में मलेरिया तथा बुंदेलखंड में चिकनगुनिया से बचाव के लिए सक्रियता और बढ़ाई जाए। इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए जैसा प्रयास इन क्षेत्रों में भी किया जाए। साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल के सेवन के लिए लोगों को जागरूक करें। बाल रोग विशेषज्ञों का भी सहयोग लें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड/रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होना चाहिए। ऐसे स्टैंड अवैध वसूली होने को बढ़ावा देते हैं। यह वसूली समाजविरोधी कार्यों में उपयोग होती है। जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार स्थान निर्धारित करें। शहरों में ई-रिक्शा के लिए रूट तय किया जाना जरूरी है। सभी गो-आश्रय स्थलों में व्यवस्था सुचारु रखी जाए। हरा चारा-भूसा आदि के समुचित प्रबंध हों। गोवंश को गर्मी अथवा धूप से सुरक्षित रखने के प्रबंध किए जाएं। डेयरी सेक्टर में रोजगार सृजन का बड़ा पोटेंशियल है। इसे दृष्टिगत रखते हुए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए।

## फूलपुर तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो की सड़क हादसे में मौत, ट्रक ने बाइक में मारी थी टक्कर

आजमगढ़। आजमगढ़ के फूलपुर कस्बा स्थित डाकघर के पास मंगलवार को ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे फूलपुर तहरीर के रजिस्ट्रार कानूनगो की मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराय। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भीलमपुर छपरा गांव निवासी दिनेश चौधरी (55) फूलपुर तहसील में बतौर रजिस्ट्रार कानूनगो तैनात थे। वह फूलपुर देहात में अपना मकान बनवा कर परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार को वह कनेरी गांव निवासी प्रमोद चतुर्वेदी (45) के साथ बाइक पर बैठ कर ड्यूटी करने तहसील जा रहे थे। अभी वे डाकघर के पास ही पहुंच थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पलट गई और दिनेश ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा प्रमोद घायल हो गया। सूचना मिलते ही फूलपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रमोद को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया। वहीं मृतक रजिस्ट्रार कानूनगो दिनेश चौधरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया।

## नव-नियुक्त कर्मियों को बांटे गए अप्वाइंटमेंट लेटर, पीएम मोदी ने कहा- सीखने का दौर शुरू




वाराणसी। प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नव-नियुक्त कर्मियों नियुक्ति पत्र वर्चुअली रूप से दिए, बरेका (बनारस रेल इंजन कारखाना) में आयोजित रोजगार मेला से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। पीएम मोदी ने सभागार में बैठे नव-नियुक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास महायज्ञ में आपकी सीधी भूमिका होगी। आपके जीवन में सीखने का दौर शुरू हो रहा है। सरकार का जोर कर्मचारियों के कौशल विकास पर है। नव-नियुक्तों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसरनव-नियुक्तों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर मिलेगा। इसका उपयोग करें। आपकी क्षमता जितनी बढेगी देश की हर गतिविधि पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। बरेका में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय मुख्य अतिथि थे।

**इन लोगों को बांटे गए नियुक्ति पत्र**– केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने नव-नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसमें ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक व टिकट लिपिक, कनिष्ठ लिपिक व टंकक, कनिष्ठ खाता लिपिक, ट्रैक मेंटेनर, सहायक सेक्शन अधिकारी, अवर श्रेणी लिपिक, उपमंडलाधिकारी, कर सहायक, सहायक प्रवर्तन अधिकारी, इंसपेक्टर, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, दमकल अधिकारी, सहायक खाता अधिकारी, सहायक लेखा परीक्षण अधिकारी, मंडलीय खाता निरीक्षक, लेखा परीक्षक, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक कमांडेंट, प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक, सहायक पंजीयक, सहायक प्रोफेसर, आदि शामिल थे। पीएम ने कहा कि भारत में इंडस्ट्री इन्वेस्टमेंट को लेकर पॉजिटिविटी दिख रही है।

वॉलमार्ट, सिस्को, एप्पल, कास्कान समेत तमाम कंपनियां भारत में हजारों करोड़ का निवेश कर रही और बड़े निर्यात का लक्ष्य रखा है। किसी कार्य के लिए कौशल विकास में आइटीआइ सकारात्मक भूमिका निभा रही। देश भर में 15000 आइटीआइ में नए कोर्स शुरू हो रहे हैं। पीएम कौशल विकास योजना में युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे नए सेक्टर में रोजगार के अवसर बढ रहे। ईपीएफओ के पे रोल टाटा से साफ पता चलता है कि रोजगार अवसरों में निरंतर वृद्धि हो रही। इस वृद्धि के साथ स्वरोजगार के भी मौके बढ़ रहे हैं।

## निकाय चुनाव में हार के बाद अखिलेश का बीजेपी पर निशाना, बोले -भाजपा ने की बेईमानी की सारी हदें पार

मैनपुरी। मैनपुरी के करहल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि निकाय चुनाव जीतने को भाजपा ने जमकर धांधली की है। नगर पंचायत बेवर चेयरमैन का चुनाव परिणाम मुख्य विकास अधिकारी ने बदलवा दिया है। उन्होंने हाल के निकाय चुनावों में धांधली को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को नगला कंस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत तो चलती रहती है, लेकिन भाजपा सरकार ने निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बेईमानी की सारी हदें पार कर दीं। पूरे प्रदेश में धांधली की गई। मैनपुरी में तो अधिकारियों के सहारे चुनाव में गड़बड़ की गई। बेवर में सीडीओ ने निकाय चुनाव में बेईमानी कराकर जबरन चुनाव नतीजा बदल दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत, ब्लॉक प्रमुखी से लेकर लोकसभा तक भाजपा सरकार सभी चुनावों में बेईमानी



करती आ रही है। निकाय चुनाव की बात लें तो देवरिया में तो प्रशासनिक मदद से भाजपा प्रत्याशी के बंडल में दूसरे प्रत्याशी के मतपत्र रख दिए गए। यह लोकतंत्र के लिए खराब स्थिति है। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी भी चुनावों में सत्तादल की मदद करेंगे तो आम आदमी न्याय की उम्मीद किससे करेगा। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान जब भी कोई विरोध का स्वर उठाया जाता है तो पुलिस को सामने कर दिया जाता है। झूठे मुकदमे लगाकर विरोध करने वालों का दमन किया जाता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव में सपा के वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। अब पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटेगी। विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, एमएलसी मुकुल यादव, बरनाहल ब्लाक प्रमुख नीरज यादव, रामनारायण बाथम मौजूद रहे। पूर्व मंख्यमंत्री नगला कंस में जनवेद यादव के घर पहुंचे। उनके इकलौते युवा पुत्र सोनू की असामयिक निधन पर शोक जताया। सोनू की 11 मई को शादी हुई। एक दिन बाद ही 13 मई को करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। सोनू की ससुराल वालों को भी पूर्व मुख्यमंत्री ने ढांढस बंधाया।

## अगले 7 दिनों तक नहीं चलेगी लू, लेकिन तापमान में होगा इजाफा; धूल भरी हवाएं चलने की भी संभावनाः आईएमडी



नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि मई के पहले पखवाड़े में हीटवेव की स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण कम गंभीर थी, जिससे उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्से प्रभावित हुए। अगला पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत में आ रहा है। इसलिए हम अगले सात दिनों तक वहां लू चलने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, लेकिन तापमान में इजाफा होगा। पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि हरियाणा, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पूर्वी राजस्थान में धूल भरी हवाएं चल रही हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि एक पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है और तेज हवाएं चल रही हैं। इसके अलावा, पिछले सप्ताह तापमान काफी अधिक था, ज्यादातर 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि वातावरण शुष्क है और गर्म वातावरण के कारण मिट्टी ढीली हो गई है। इसलिए 40-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं सतह से धूल उठा रही हैं और इसे वायुमंडल में फैला रही हैं। ये मुख्य रूप से ये 1-2 किमी की ऊंचाई तक फैल रही हैं।

## पेशी पर आए हत्या के आरोपित को युवक ने न्यायालय परिसर में मारी गोली, वकीलों ने दौड़ाकर पकड़ा

जौनपुर। दीवानी न्यायालय में पेशी पर आए हत्या के आरोपित को एक युवक ने न्यायालय परिसर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। गौराबादशाहपुर क्षेत्र के धमार्पुर बाजार में छह मई 2022 की शाम अंडे की दुकान पर अंडा खाने को लेकर हुए विवाद में ठकुरची गांव निवासी बादल यादव पहलवान व उतरगांवा निवासी अंकित यादव को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। जिला अस्पताल में बादल यादव की मौत हो गई थी। हत्या के इस मामले में सरैया निवासी मिथिलेश गिरी, कबिरूद्दीनपुर निवासी सूर्य प्रकाश राय सहित चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में बादल यादव का भाई श्रवण गवाह था। मंगलवार को 12 बजे चारों की सीजेएम के न्यायालय में पेशी रही। पुलिस चोरों आरोपितों को जेल से लाकर न्यायालय में



पेशी के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान परिसर में ही श्रवण यादव ने आरोपितों पर फायर कर दिया। तीन गोली चलाई। एक मिस हो गई वहीं दूसरी गोली आरोपितों में से मिथिलेश गिरी के कंधे में लगी। वहीं तीसरे गोली हाथ को छूकर निकल गई। गोली चलते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अधिवक्ताओं सहित पेशी पर आए आरोपितों के स्वजन ने दौड़ाकर गोली मारने वाले श्रवण यादव को पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसे लोगों से छुड़ाकर कब्जे में ले लिया। वहीं गोली से घायल मिथिलेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जिस हत्या के मामले में आरोपितों की पेशी थी उसी में श्रवण गवाह है। उसने गोली क्यों मारी इसकी जांच की जा रही है।

## बनारस में बवाल! अधिग्रहण के लिए पहुंचे अधिकारियों पर भीड़ ने किया पथराव, पुलिस ने किसानों पर बरसाई लाठियां


वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भू- चिह्नांकन का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस ने मंगलवार सुबह लाठियां बरसाई। कई किसान और पुलिस कर्मी घायल हो गए। महिलाएं भी जख्मी हुई हैं। मोहन सराय के बैरवन करनाडांडी में जमीन का चिह्नांकन करने पहुंचे वीडीए व राजस्व कर्मियों पर पथराव किए जाने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और लाठीचार्ज कर दिया। विकास प्राधिकरण व राजस्व विभाग की टीम पूर्व में मुआवजा ले चुके किसानों की जमीन का सीमांकन करने पहुंची थी। रविवार को सीमांकन के लिए गयी टीम को भारी विरोध झेलना पड़ा था। किसानों ने "विकास प्राधिकरण मुदार्बाद, किसान एकता जिंदाबाद" का नारा लगते हुए वीडीए व राजस्व विभाग के कर्मियों को खदेड़ दिया था। साथ ही इस कार्रवाई को भू अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लंघन करार दिया था।



**जमीन पैमाइश के लिए पहुंचे थे अधिकारी**– साथ ही सोमवार को बैठक कर किसान महापंचायत का निर्णय लिया था। फैसले के अनुसार, मंगलवार को किसान संघर्ष समिति के बैनर तले मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना से प्रभावित बैरवन , कन्नाडाडी, मोहन सराय एवं मिल्कीचक के किसान मोहनसराय हाईवे के पास जुटे थे। इस बीच वीडीए व राजस्व विभाग के कर्मचारी भारी पुलिस बल के साथ जमीन की पैमाइश के लिए पहुंचे। इसकी जानकारी मिलते ही किसान भड़क उठे। वाद-वाद के बीच पुलिस सख्त हुई तो पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने जमकर लाठियां बरसाईं।

## 10 दिन के दौरे पर अमेरिका जाएंगे राहुल गांधी, 5000 प्रवासी भारतीयों से मिलकर न्यूयॉर्क में करेंगे रैली

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और पूर्व वायनाड सांसद राहुल गांधी 31 मई को 10 दिनों के लिए अमेरिका दौरे पर जाएंगे। सूत्रों के अनुसार राहुल चार जून को न्यू यॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में लगभग 5000 प्रवासी भारतीयों के साथ रैली करेंगे। इसके अलावा वह पैनेल चर्चा और भाषण के लिए वॉशिंगटन और कैलिफोर्निया के स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी भी जाएंगे। राहुल अपनी इस यात्रा के दौरान अमेरिका के राजनेता और उद्यमियों से भी मुलाकात करेंगे। इस बीच पीएम मोदी 22 जून को राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते एक प्रेस बयान में बताया कि अमेरिका में पीएम मोदी की मेजबानी राष्ट्रपति जो बाइडन करेंगे। पीएम मोदी के लिए व्हाइट हाउस में रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया है। हाल ही में लंदन दौरे पर गए राहुल गांधी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में केंद्र सरकार और भारतीय लोकतंत्र की आलोचना करने के बाद सुर्खियों में आ गए थे। मार्च 2023 में उन्होंने लंदन में कहा था- "सभी को पता है और यह न्यूज में भी है कि भारतीय लोकतंत्र दबाव में है और




उस पर हमले किए जा रहे हैं। मैं विपक्ष का नेता हूं। हम उस जगह को नेविगेट कर रहे हैं।" राहुल गांधी के बयानों के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने उनसे मांफी की मांग की थी। संसद के बजट सत्र के दौरान जहां भाजपा राहुल गांधी से माफीनामें की मांग कर रहे थे, तो वहीं कांग्रेस अदाणी समूह की कंपनियों पर संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का आरोप लगाते हुए एक संयुक्त सदस्य समिति (जेपीसी) की गठन की मांग करने लगे। बता दें कि राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। 11 अप्रैल को राहुल को मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें संसद सदस्य के रूप में आयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## पश्चिम बंगालः मेदिनीपुर की पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका, तीन लोगों की मौत; कई घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ है। बताया जा रहा है कि धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा चार लोग घायल भी हुए हैं। धमाके के कारण इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई है। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, एगरा इलाके में स्थित ये पटाखा फैक्ट्री अवैध थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट का असर इतना जबरदस्त था कि रिहायशी इमारत में चल रही फैक्ट्री ढह गई। स्थानीय पुलिस और दमकल की टीम मौके पर मौजूद है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

## एलन मस्क का टेस्ला के अधिकारियों को निर्देश- 'बिना मेरी इजाजत के कोई भर्ती नहीं होगी'

कैलिफोर्निया। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि कंपनी में अब उनकी निजी मंजूरी के बिना किसी की भी भर्ती नहीं होगी। अधिकारियों को भेजे गए एक ईमेल में मस्क ने निर्देश दिए हैं कि जिन भी लोगों को भर्ती किया जाना है, उनके नामों की लिस्ट हर हफ्ते उन्हें भेजी जाए। इतना ही नहीं अधिकारियों को भर्ती के लिए सावधानी से सोचने की भी हिदायत दी गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मस्क ने कहा है कि जब तक भर्ती अधिकारियों को उनकी ओर से मंजूरी का ईमेल न मिल जाए, तब तक कोई टेस्ला जॉइन नहीं कर सकता। यहां तक कि कोई कॉन्ट्रैक्टर भी नहीं। गौरतलब है कि पिछले महीने ही कंपनी ने अपना सबसे कम तिमाही मुनाफा दिखाया था। यह बाजार के अनुमान से भी कम रहा, क्योंकि टेस्ला लगातार मांग बढ़ाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे देशों में अपनी कारों की कीमतों में कटौती कर रही है। मस्क ने पिछले हफ्ते ही एलान किया था कि वह ट्विटर का सीईओ पद छोड़ रहे हैं। मस्क ने इस पर के लिए एनबीसी



यूनिवर्सल की एडवर्टाइजिंग प्रमुख लिंडा यैकैरिनो को नियुक्त किया था और कहा था कि इससे उन्हें टेस्ला पर ध्यान देने का ज्यादा समय मिलेगा। माना जा रहा है कि इसके बाद मस्क जल्द ही टेक्सास के ऑस्टिन में स्थित टेस्ला के हेडक्वार्टर में शेयरधारकों से बात कर सकते हैं।

## संपादकीय

### पढ़ाई और जीवन

सालों से इस तरह की चर्चा सामाजिक अभ्यास में आ गई है और अब लोगों की प्राथमिक नजर इसी पर जाती है। जबकि इसी बीच विद्यार्थियों के बीच का एक छोटा हिस्सा बेहद निराशा या हताशा की स्थिति का सामना कर रहा होता है, जो किन्हीं वजहों से अच्छे अंक हासिल नहीं कर पाता या परीक्षा में उत्तीर्ण ही नहीं हो पाता है। चारों तरफ एक तरह के जश्न के माहौल में ऐसे विद्यार्थी खुद को एक नाकाम व्यक्तित्व के रूप में महसूस करते हैं और इससे उपजा तनाव कई बार उन्हें अवसाद या इसके घातक असर तक की हालत में डाल देता है। गौरतलब है कि इस साल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं के नतीजे आने के बाद अकेले दिल्ली में कम से कम चार विद्यार्थियों ने सिर्फ इसलिए अपनी जान दे दी कि उन्हें अच्छे या अपेक्षित अंक नहीं मिल सके थे। परीक्षा परिणाम आने के बाद देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी खबरें आती रही हैं। विडंबना यह है कि चारों ओर अंकों के ऊंचे प्रतिशत की बुनियाद पर टिकी कामयाबी के शोर में इस तरह की कुछ घटनाएं पीड़ित परिवारों के दुखी होने से इतर शायद ही कोई सार्वजनिक चिंता की वजह बन पाती हैं। यही वजह है कि सफलता-विफलता की इस परिभाषा के बीच पिछड़ने के भाव से उपजा एक दंश पलने लगता है, जिसकी मार कमजोर सामाजिक-भावनात्मक पृष्ठभूमि वाले बच्चों पर पड़ती है। सवाल है कि परीक्षा के नतीजों का असर इस हद तक पड़ना कितना उचित है कि कामयाबी या नाकामी का पैमाना ही यही हो जाए। आखिर ऐसी स्थिति क्यों बन रही है कि किन्हीं वजहों से अगर कोई विद्यार्थी नब्बे-पंचानबे फीसद से कम अंक हासिल कर पाता है तो खुद को कामयाबी के दायरे में पिछड़ा मान लेता है और इससे उपजे तनाव में अपने जीवन तक को खारिज कर देता है? इस मुश्किल स्थिति के लिए क्या केवल उनकी नाकामी जिम्मेदार होती है? या फिर विफलता को लेकर सामाजिक धारणाएं और व्यवस्थागत प्रतिक्रिया ऐसे दबाव पैदा करती हैं, जिसे सह पाना कई विद्यार्थियों के लिए असंभव हो जाता है? इस तरह धारणाएं किन परिस्थितियों की उपज होती हैं कि ऊंचे अंक ही सफलता का पर्याय हैं? सच यह है कि ऐसे अनेक उदाहरण आसपास बिखरे पड़े हैं, जिसमें कम अंक लाने या उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाने वाला कोई विद्यार्थी प्रतिभा और कौशल के मामले में ऊंची शिक्षा और ऊंचे अंक वाले विद्यार्थियों के मुकाबले बेहतर साबित होता है। यों अक्सर ऐसी सूक्तियों का हवाला दिया जाता रहता है कि नाकामी दरअसल कामयाबी की सीढ़ी है। लेकिन क्या नाकामी को लेकर सामूहिक सामाजिक धारणा इस सूत्र का खयाल रखना जरूरी समझती है? कहने को स्कूलों में कई स्तर पर भावनात्मक मुश्किलों से जूझने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए काउंसिलिंग या मनोवैज्ञानिक सलाह देने की व्यवस्था की बात होती है, मगर इसका अपेक्षित असर नहीं देखा जाता है। जबकि कामयाबी की होड़ में ऐसी हालत बनती गई है, जिसमें समय पर मनोवैज्ञानिक सलाह के लिए एक ठोस तंत्र की जरूरत महसूस की जाती है। एक अहम पहलू यह है कि किसी भी समुदाय में कामयाब माने जाने वाले लोगों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे अपने से कमजोर माने जाने वाले लोगों की अंगुली पकड़ कर अपने बराबर लाने की कोशिश करें। शिक्षा तभी सार्थक है।

### दो हैं दावेदार!




कुर्सी केवल एक है ।
दो हैं दावेदार ।।
इंतजार है करना ।
है किस पर उपकार ।।
बैठकों का सिलसिला ।
मुहर लगने वाली ।।
देखते हैं किसके हिस्से ।
है आती हरियाली ।।
बन रहा है राजयोग ।
छेड़ दिए हैं तान ।।
मिल जाए बस मौका ।
है यही सम्मान ।।
हुआ नहीं यदि मन का ।
ना वह भी स्वीकार ।।
बहा है पसीना ।
किया है प्रचार ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# मध्य-पूर्व में शक्ति संतुलन की होड़

जिस प्रकार अमेरिका ने रूस को घेरने के लिए नाटो का विस्तार कर रूस के पड़ोसी देशों के साथ सुरक्षा संधि की थी, उसी तर्ज पर एशिया में चीन को घेरने की नीति अपनाई जा रही है। भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका लगातार एशिया प्रशांत के समुद्र में अपनी शक्ति बढ़ा रहे हैं। वहीं, भू-राजनीतिक स्तर पर भी ऐसी कार्ययोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। शक्ति संतुलन, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसमें यह प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी शक्ति इतनी प्रबल न हो जाए कि उससे दूसरे राष्ट्रों के हितों की रक्षा न की जा सके। चीन अफ्रीका, मध्य-पूर्व, मध्य एशिया और यूरोप के सारे आर्थिक मार्गों को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश कर रहा है।

दुनिया के अन्य क्षेत्रों के साथ ही खासकर मध्य-पूर्व में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए भारत, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सऊदी अरब में मिले हैं। ये तीनों देश इजराइल के समर्थन से कनेक्टिविटी कारिडोर के निर्माण की वृहत योजना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जो भारत से अरब की खाड़ी से गुजरता हुआ इजरायल, जार्डन तक और फिर वहां से यूरोपीय संघ तक विस्तृत होगा। कनेक्टिविटी कारिडोर का विचार अमेरिका, इजराइल, भारत और यूएई ने दो वर्ष पहले ही कर लिया था, लेकिन हाल ही में चीन ने सऊदी अरब और ईरान के राजनयिक संबंध बहाल करवाने में जो सफलता अर्जित की है, उससे अमेरिका, इजराइल और भारत चकित हैं और इसे बड़ी चुनौती के रूप में देख रहे हैं। चीन आर्थिक गलियारे के तहत कई देशों में करोड़ों डालर का निवेश कर चुका है। चीन और खाड़ी देशों के बीच मुक्त व्यापार को लेकर वाताएं करीब एक दशक से चल रही हैं। चीन इस इलाके में शांति स्थापित करके न केवल अपने व्यापरिक साम्राज्य को सफल बना सकता है, बल्कि वह सामरिक बढ़त भी लेना चाहता है। मध्य-पूर्व में महाशक्तियों के बहुत सारे सामरिक और आर्थिक हित मौजूद हैं। महाशक्तियों के हित और शक्ति संतुलन के बीच तेल संपदा का भी एक महत्त्वपूर्ण द्वंद्व है, जो शह और मात के खेल को पश्चिम एशिया तक खींच लाता है। इसमें शिया-सुन्नी विवाद को हवा देकर, आपसी जोर आजमाइश और प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा दिया गया है।



विश्व के संपूर्ण उपलब्ध तेल का लगभग छियासठ फीसद ईरान की खाड़ी के आसपास के इलाकों, जिनमें मुख्य रूप से कुवैत, ईरान और सऊदी अरब शामिल हैं, में पाया जाता है। सोवियत संघ और अमेरिका तो तेल के मामले में आत्मनिर्भर हैं, लेकिन अगर यूरोप को इस इलाके से तेल प्राप्त होना बंद हो जाए तो उसके अधिकांश उद्योग-धंधे बंद हो जाएंगे। यही कारण है कि पश्चिमी देश मध्य-पूर्व पर अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं। इन सबके बीच मध्य-पूर्व में कड़े प्रतिद्वंद्वियों को जोड़ने की चीन की कोशिशें न तो अमेरिका के लिए व्यक्तिगत स्तर पर फायदेमंद हैं और न ही इजराइल की सुरक्षा के लिए। चीन भारत का परंपरागत प्रतिद्वंद्वी है और मध्य-पूर्व में भारत के आर्थिक और सामरिक हित भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। पश्चिम एशिया में लगभग अस्सी लाख भारतीय निवास करते हैं, जिनमें से केवल संयुक्त अरब अमीरात में इनकी संख्या पच्चीस लाख है। भारत को इस भूभाग में अत्यंत सतर्कता से आगे बढ़ने की आवश्यकता है, क्योंकि ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, श्रमिक, व्यापार, निवेश और समुद्री सुरक्षा जैसे भारत के कई मूलभूत हित इस क्षेत्र से हैं।

चीन और पाकिस्तान, ईरान और सऊदी अरब को साथ मिलाकर भारत की कूटनीतिक समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। वहीं इजराइल के लिए परंपरागत शत्रु देशों का आपस में मिल जाना नई सामरिक चुनौती बन सकता है। यही नहीं, मध्य-पूर्व में अमेरिकी हित पूरा करने के लिए उसका सऊदी अरब और यूएई पर नियंत्रण जरूरी है। ऐसे में आइ2यू2 समूह के भारत, अमेरिका, यूएई और इजराइल ने सामूहिक सुरक्षा की तर्ज पर चीन को नए आर्थिक गलियारे के निर्माण से चुनौती देने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। 2021 में पहली बार इस समूह के बीच समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, डिजिटल ढांचे और परिवहन से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी। भारत में यूएई के राजदूत ने उस वक्त इस नए गुट को पश्चिमी एशिया का क्वाड बताया था। यह योजना मध्य-पूर्व और एशिया में आर्थिक और राजनीतिक सहयोग के विस्तार पर केंद्रित है, जिसके अंतर्गत व्यापार, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला, ऊर्जा सहयोग और अन्य महत्त्वपूर्ण साझा हितों पर समन्वय करना शामिल है। इस गलियारे का निर्माण पूरा होने पर भारत के लिए कंटेनर परिवहन की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। अगर यह समूह और कार्ययोजना सफल होती है, तो पश्चिम एशिया में भारत की भू-राजनीतिक उपस्थिति को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक स्तर पर भारत के रणनीतिक और आर्थिक महत्त्व को बढ़ावा मिलेगा। भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंध पहले से ही गहरे हैं। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझीदार है।

भारत की हिंद महासागर को लेकर वर्तमान नीति शक्ति संतुलन पर आधारित है। भारत 2007 में स्थापित क्वाड का अहम सदस्य है। भारत, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और आस्ट्रेलिया का यह सामरिक समूह स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि इन चार देशों के साझा उद्देश्य को लेकर चीन के साथ रूस इसकी आलोचना करता रहा है। अमेरिका की नजर हिंद प्रशांत क्षेत्र के रणनीतिक और आर्थिक महत्त्व पर भी है। इस क्षेत्र में चीन ने कई देशों को चुनौती देकर विवादों को बढ़ाया है। चीन वन बेल्ट वन रोड परियोजना को साकार कर दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और उसके केंद्र में हिंद प्रशांत क्षेत्र की अहम भागीदारी है। चीन ने दक्षिण एशिया के कई देशों में बंदरगाहों का निर्माण कर भारत की सामरिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। अभी तक चीन पर आर्थिक निर्भरता के चलते अधिकांश देश चीन को चुनौती देने में नाकामयाब रहे हैं। अब क्वाड के बाद आइ2यू2 फोरम के साथ आने से चीन का मुकाबला करने में अन्य देशों का साथ मिलने की संभावनाएं बढ़ेगी। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश नीति में एशिया प्रशांत क्षेत्र को बेहद महत्त्वपूर्ण माना गया है। चीन के उभार को रोकने के लिए कूटनीति और सामरिक रूप से अमेरिका एशिया के कई इलाकों में अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है। बराक ओबामा ने एशिया में अपने विश्वसनीय सहयोगी देशों के साथ उन देशों को भी जोड़ने की नीति पर काम किया, जो चीन की विस्तारवादी नीति और अवैधानिक दावों से परेशान हैं। इनमें से कुछ देश दक्षिण चीन सागर पर चीन के अवैध दावों को चुनौती देना चाहते हैं और कुछ देश चीन की भौगोलिक सीमाओं के विस्तार के लिए सैन्य दबाव और अतिक्रमण की घटनाओं से क्षुब्ध हैं। ओबामा के बाद बाइडेन प्रशासन भी सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देने की नीति पर काम करके अपने सहयोगियों को जोड़ रहा है। इसमें आस्ट्रेलिया, यूके और यूएस के समूह आकस तथा इंडो-पैसिफिक इकोनामिक फ्रेमवर्क यानी आइपीईएफ शामिल हैं। इस समूह में भारत सहित तेरह देश भागीदारी कर रहे हैं। जाहिर है, जिस प्रकार अमेरिका ने रूस को घेरने के लिए नाटो का विस्तार कर रूस के पड़ोसी देशों के साथ सुरक्षा संधि की थी, उसी तर्ज पर एशिया में चीन को घेरने की नीति अपनाई जा रही है।

# छीजते सौंदर्यबोध के बीच जीवन

यह नया कालचक्र है। यह रंगों से चकाचौंध एक नया मंच है, जिस पर हम नया जीवन जीने के लिए एक नई तरह की जीवन पद्धति को अपना चुके हैं। अब इसका संदर्भ, अर्थ और उसका कलात्मक पक्ष जीवन की रचनात्मकता के लिए एक नया वर्तमान हमने अपने लिए ईजाद किया है। इन दिनों यह सचमुच चौंकाने वाला है। आज हमारा वर्तमान और भविष्य रोबोट जिंदगी से आभासी दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण किस तरह के आत्मबोध में है और किस तरह सिर्फ स्क्रीन का रिश्ता रह गया है, वह और भी भयावह स्थिति की ओर इंगित करता है।



आज इस आभासी दुनिया के कारण हमारी जिंदगी का समूचा जीवन और मानवीय मूल्यों की रक्षा, इसका आत्मसम्मान इस समय कहां खत्म होता जा रहा है। अब सच तो यह है कि आज समाज के लिए यह एक बड़ी चुनौती हो गया है। यह बढ़ती हुई नई सूचना प्रौद्योगिकी की दुनिया हो गई है और हमारी नई पीढ़ी और हमारा वर्तमान इसी नई दुनिया के कारण आज इतना छोटा हो गया है। अब वसुधैव कुटुंबकम् की परिभाषा और वैश्विक गांव की भाषा का मूल आधार बदलने जा रहा है। इसी मूल आधार के बदलते हुए हमने अपनी भाषा का अपना सौंदर्य बोध, आचार-विहार और अपने जीने का तरीका इस तरह से बदल लिया है कि अब हम जिन खबरों को ढूंढ़ते हैं, जिन सपनों को ढूंढ़ते थे, अब इन दिनों उसके बीच में लटक कर रहे गए हैं।

आज गांव और शहर का आदमी अलग है और उसके बीच एक महानगरीय जिंदगी का चेहरा एक अलग तरह के अद्भुत अच्छे अहसास की दिशायंत्र की जिंदगी की नई दिशाएं दिखा रहा है। यही कारण है कि आज भारत जैसा देश गरीब और अमीर में बंट गया है। विकास की नई राह खोजते हुए भारत के लिए अपना मन-मस्तिष्क प्राकृतिक सौंदर्यबोध के साथ छटपटा रहा है। आज सारा का सारा सम्मोहन ऐसी जिंदगी का एक ऐसा प्रतीक बन गया है कि जिस पर सबको विश्वास है, पर आदमी का यानी मनुष्य का अपनी जमीन से रिश्तों से, भावनात्मक सपनों से रिश्ता लगभग टूट गया है। इस समय हम कितने अकेले हैं और कितने निरीह सपनों के पीछे भागने वाले हो गए हैं! हमारी रिश्तों की झोली खाली है।

हमारी जमीन के प्राकृतिक सौंदर्यबोध से फलों का रसहीन हो जाना और फूलों का महक से अधीर हो जाना हमारी नई जिंदगी को दशार्ता है। अब शादियों के शगुन भी आनलाइन होने लगे हैं तो किसी की उपस्थिति भी वीडियो काल से लग सकती है। यही आज नई आभासी जिंदगी का एक नया परिदृश्य है, जिस पर हम चौंक सकते हैं, पर आभासी दुनिया के इस नई जिंदगी के संदर्भ में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस जीवंत संभावनाओं से भरी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ की दुनिया अब और भी चौंकाने वाली है। इसमें सिर्फ अपनी इच्छा जाहिर करनी है यानी हमें कंप्यूटर को हुक्म देना है और वह चीज सामने तैयार होकर किसी भी भाषा में, किसी भी समय की किसी घटना का संपूर्ण विवरण मिनटों में प्राप्त हो जाएगा। इसीलिए आज पूरी दुनिया में यह चिंताजनक बात है कि यह मानवीय विकास के लिए एक नया खतरा है। पश्चिम में बहुत से देशों ने इसके बारे में पाबंदी लगाने की भी बात कही है, लेकिन यह विज्ञान की दुनिया है।

बहुत पहले जब किराए की कोख से वैज्ञानिक तकनीक से बच्चे पैदा करने का एक नया विकास का पहिया और विज्ञान की सोच सामने आई थी तो इसका भी विरोध किया गया था। इन दिनों अब जब समलिंगी शादियां होने लगी हैं, उनको मान्यता मिलने लगी है तो फिर इस आभासी दुनिया की चैट-जीपीटी ही क्यों सवालों के घेरे में है? दरअसल, सबसे खतरनाक बात यह है कि आज इस आभासी दुनिया के नए सौंदर्यबोध ने लोगों को उनके मां-बाप से लेकर दूसरे रिश्तों से काट दिया है। यह रिश्तों का कटना किसी को और भी उदासीनता के साथ मनोवैज्ञानिक स्तर पर अकेलेपन में धकेल सकता है। इसका अंदाजा इन दिनों जापान से लेकर मेक्सिको तक और मध्यपूर्व से लेकर दुनिया के उन देशों में देखा जा सकता है। इस नई तकनीक की नई प्रौद्योगिकी की दुनिया में हम तकनीक के जरिए पतंगें उड़ा सकते हैं। आसमान में उड़ सकते हैं। कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन धरती सूनी हो रही है और इस सूनी हो रही धरती का संताप हम जान सकते हैं। यह संताप आने वाली नस्लें भुगतेंगी। उस समय वे देखेंगे कि आभासी दुनिया में हमारा मन-मस्तिष्क, शरीर, दिल, दिमाग सब खोखला कर दिया गया है और मानवीय रिश्तों की डोर को, धरती के संगीत और रिश्तो की प्रीत को कहां छोड़ दिया हमने! विज्ञान में नई शोध होगी, नया मुहावरा होगा। एक नई दुनिया होगी और उसमें एक नया सवेरा होगा। फिर आभासी दुनिया के साथ धरती के सच को छोड़कर क्यों न हम एक नए समाज का और नई सुंदर धरती का ऐसा रचनात्मक परिवेश पैदा करें, जिसमें मोहब्बत, इंसान के रिश्ते और धरती का प्राकृतिक सौंदर्य जिंदा रह सके।

# भाजपा ने ध्यान नहीं दिया तो कर्नाटक की तरह मध्य प्रदेश की सत्ता भी उसके हाथ से फिसल सकती है

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की ताजपोशी तय हो चुकी है। लेकिन अब मध्य प्रदेश में क्या? यह सवाल भाजपा के आत्म-मंथन के लिए आवश्यक है। और कर्नाटक चुनाव से प्रदेश के भाजपाइयों को सबक सीखना चाहिए। क्योंकि सत्ता और पद की अकड़- ठसक छोड़ 'लूप होल्स' सुधारे बिना भाजपा की डगर में मुश्किलें हो सकती हैं। क्योंकि लच्छेदार भाषणों की घुट्टी पिलाने से काम नहीं चलने वाला है। बल्कि भाजपा को जनता की नब्ज भांपनी पड़ेगी। हिमाचल में पुरानी पेंशन के बाद अब कर्नाटक की जीत के साथ– म.प्र. में कांग्रेस पुरानी पेंशन के नाम पर कर्मचारियों को टारगेट कर चल रही है। भाजपा का कोर वोटर माना जाने वाला यह कर्मचारी तबका, साइलेंटली कांग्रेस की ओर शिफ्ट हो सकता है। और इससे भाजपा की सियासी जमीन भी खिसकने के पर्याप्त आसार हैं।




भाजपा को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उसके नेताओं / मन्त्रियों द्वारा पूरे कार्यकाल मे विचारधारा को 'फॉर ग्राण्टेड' लिया गया और चुनाव नजदीक आते ही 'विचारधारा' की शरणस्थली में जाने से हर चीजें नहीं सुधर सकती हैं। कांग्रेस सरकारों में जहां पूरी प्रशासनिक मशीनरी-कांग्रेस के मॉड्यूल पर चलती है। वहीं भाजपा सरकार में राजधानी से लेकर जिलों तक की प्रशासनिक मशीनरी भाजपा की विचारधारा को अक्सर ठेंगा दिखाती रहती है। और भाजपाई खुशफहमी पाले रहते हैं। लेकिन भाजपाई शायद यह भूल जाते हैं कि भाजपा को यदि किसी ने बनाया है, तो वह उसकी विचारधारा ही है। और जब-जब भाजपा ने विचार धारा को हल्के में लिया है, तब तब उसका दुष्परिणाम उसे भुगतना पड़ा है।

भ्रष्टाचार में आकण्ठ तक डूबे रिश्वतखोर अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधिगणों पर कहीं लगाम नहीं दिखती है। इन सबके चलते ही जनता परेशान होती है, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं होती है। और आपके अफसर फाईलों में, आंकड़ों की 'चिड़िया' बैठाकर सब सोने पर सुहागा कर देते हैं। ऑल इज वेल की फाईलें थमा देते हैं। इससे सरकार भी खुश हो जाती है। और अफसर भी खुश हो जाते हैं। लेकिन भाजपा को इस यक्ष प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ना पड़ेगा कि क्या अफसरों की कारगुजारियों के आंकड़े सरकार सुरक्षित रखती है? भाजपा की राज्य सरकारों को यह सोचना पड़ेगा कि हर चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर ही क्यों लड़ा जाए? प्रधानमंत्री मोदी आपको लोकसभा की सौगातें दें और फिर आपके सिर में विधानसभा चुनाव की भी पगड़ी बांधें? क्या राज्य सरकारों को सत्ता की हनक में अपना आत्मावलोकन करने का समय नहीं रहता। क्या आप जमीनी कार्यकताओं से फीडबैक लेना उचित नहीं समझते हैं? और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों से लेकर विधायक, सांसद, मन्त्रियों को केवल चमक-दमक में ही डूबे रहना पसंद है? जनता की एक एक मुसीबत एंटी इनकम्बेंसी तैयार करती है। और फिर उसका विस्फोट सीधे ईवीएम में कैद होता है। कर्नाटक का चुनाव बहुत कुछ कह रहा है। अगर भाजपाई सम्हले तो सम्हल जाएंगे... वर्ना कुछ कहा नहीं जा सकता है। वहीं सरकार की 'पावर' के दम पर विभिन्न जिलों में जुटाई जाने वाली भीड़ कभी भी कोई फायदा नहीं पहुंचाती है। क्योंकि सभाओं में पावर और पैसे से भीड़ का मैनेजमेंट तो अवश्य ही किया जा सकता है, लेकिन उसे वोट में बदल पाना बड़ा मुश्किल होता है। यह तथ्य जितना जल्दी भाजपा दिमाग में बिठा ले, यह उसके लिए उतना ही फायदेमंद हो सकता है। साथ ही 'पार्टी विथ डिफरेंस' का नारा बुलंद करने वाली भाजपा को संगठनात्मक अनुशासन की मजबूती दिखाने में दिलचस्पी दिखानी चाहिए। क्योंकि हर विधानसभा में जितने गली-मुहल्ले, उतने विधानसभा चुनाव के दावेदार तैयार बैठे हैं। जो चुनाव में भाजपा को काफी ज्यादा डैमेज करने वाले साबित हो सकते हैं।

# शीघ्र ही कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल करने का डीएम ने दिया निर्देश

मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील घोसी स्थित पकड़ी ताल के सुंदरीकरण एवं पर्यटन के दृष्टिगत विकास की संभावनाओ के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों द्वारा इस संबंध में अब तक की गई कार्यवाईयो की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र ही कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिए। पकड़ी ताल में मत्स्य पालन की संभावनाओं पर चर्चा के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि पानी की जांच हेतु नमूना लेबोरेटरी को भेजा गया है। अभी तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार पकड़ी ताल में सिंघाड़ा, कमल एवं कमलगट्टा के उत्पादन की संभावनाओं को लेकर पकड़ी ताल की मिट्टी के नमूनों को भी जांच हेतु भेजा गया है।

पकड़ी ताल की साफ-सफाई की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को इस संबंध में कार्य योजना तैयार कर अगले दो दिनों में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित ग्राम प्रधानों से संपर्क कर पकड़ी ताल के सुंदरीकरण एवं पर्यटन के विकास की संभावनाओं के संबंध में अवगत कराने के साथ ही उनसे सहयोग लेने को भी कहा। जिलाधिकारी ने डी. सी. एनआरएलएम को संबंधित क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहो को सक्रिय कर प्रोत्साहित करने को भी कहा,जिससे पकड़ी ताल के सुंदरीकारण एवम् पर्यटन की संभावनाओं में इन समूहों द्वारा भी योगदान किया जा सके। उन्होंने इको टूरिज्म की संभावनाओं पर भी ध्यान देने एवं इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को इस संबंध में कार्य योजना तैयार कर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए,जिससे पकड़ी ताल के सुंदरीकरण एवं पर्यटन हेतु विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, कृषि उपनिदेशक एस पी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी,जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करना युवक को पड़ा भारी पुलिस ने भेजा जेल

अहरौरा।मिजार्पुर। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्द पोस्ट करने को लेकर पुलिस ने युवक को आईटी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है युवक बाबु पुत्र जाहिर उम्र 19 वर्ष निवासी जोगियाना लाला का गोला उक्त युवक द्वारा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक शब्द लिखकर पोस्ट कर दिया गया। सोशल मीडिया के फेसबुक पर फॉर्म पर पोस्ट कर देने के बाद भाजपा कार्यकताओं ने आक्रोशित होकर स्थानीय पुलिस में इसकी शिकायत की,लिखित शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## मातृ दिवस पर माँ के नाम किया गया रक्तदान

मिजार्पुर। आज मातृ दिवस पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी में विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट, काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुंब, भारत विकास परिषद वाराणसी, जय श्री कृष्णा संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 32 यूनिट रक्तदान और 18 यूनिट SDP डोनेशन हुआ। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव अभिषेक साहू ने कहा कि यहां पर इलाज के दौरान बच्चों को लगातार एसडीपी की जरूरत पड़ती है एवं हमारी संस्था ने संकल्प लिया है कि इन बच्चों के लिए हमारी संस्था हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहेगी। रक्तदान करने वालों में संस्था के उपाध्यक्ष आशुतोष हैहयवंशी, सचिव अभिषेक साहू, डायल 100 सदस्य हिमांशु कसेरा, सक्रिय सदस्य स्वतंत्र सिंह, अजीत यादव, आदित्य बरनवाल एवं काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुंब के अध्यक्ष नीरज पारीक और सचिव राजेश गुप्ता ने एवं शिवम् शाखा अध्यक्ष एडवोकेट बृज गोपाल दास, निमेश, सुनिल जैन आदि रहे।

# घर में ताला तोड़कर लाखो के गहने समेत लाखों रुपए लेकर चोर हुए चंपत

केराकत जौनपुर। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सरौनी पूरब पट्टी में बीती रात चोरों ने लाखो के गहने समेत नगद एक लाख छः हजार रुपये लेकर चंपत हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। गौरतलब हो कि प्रकाश सिंह पुत्र सीताराम सिंह अपने परिवार समेत खाना खा कर सो गये आधी रात बाद चोर चंद्रकला पत्नी अविनाश सिंह के कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा मंगलसूत्र,हार,चार चूड़ी,तीन चैन,आठ अंगूठी,तीन कान की बाली, दो पायल, मांगटीका, नथिया, पैजनी, पांच मीना व नगदी एक लाख छ हजार रुपया लेकर चंपत हो गए। परिजनों की सुबह नींद सुबह खुली तो कमरे का दरवाजा खुला देख चोरी होने की अंदेशा हुई तो आनन फानन में कमरे के अंदर जाकर बिखरा समान देख पैरो तले से जमीन खिसक गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मौके की जांच पड़ताल में जुट गई साथ ही मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वायड पहुंच मौके की पड़ताल की डॉग स्क्वायड की घर से कुछ दूरी पर बने एक कमरे जाकर वापस लौट आया।जिस कमरे में डॉग स्क्वाड गया था उस कमरे में चोरी का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वाड भी हुई भीषण चोरी का खुलासा करने में असफल रही पीड़ित कोतवाली पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



# किसान के बेटे का कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर हुआ चयन

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के हुरुहुरी गांव निवासी प्रशांत सिंह पुत्र धीरेंद्र प्रताप सिंह का कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने की खबर होते ही परिवार समेत क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता हुरुहुरी निवास पर लगा रहा। परिवार के लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किये। माता अनीता सिंह ने बताया की प्रशांत बड़े ही सरल स्वभाव एवं मृदुल भाषी व्यक्तित्व के धनी है।बेटे के वित्त मंत्रालय में कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर चयन होना मेरे लिए गर्व की बात है। हम सभी परिवार वालो को बेटे के घर आने का बेसब्री से इंतजार है। बता दे कि प्रशांत सिंह वर्तमान समय में पुणे में रक्षा विभाग ने ऑडिटर के पद पर कार्यरत रहते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी जिसके फलस्वरूप सीजीएल का एग्जाम पास कर अप्रत्यक्ष कर एवं कस्टम विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए। प्रशांत सिंह ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता समेत परिवार वालों को देते हुए बताया कि अभी आगे यूपीएससी की तैयारी करना है। गौरतलब हो कि प्रशांत सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हुरहुरी गांव से शुरू कर इंटर की पढ़ाई पब्लिक इंटर स्कूल से पूरी कर स्नातक की पढ़ाई पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से करने के बाद दिल्ली जाकर तैयारी में जुट गए। प्रशांत सिंह रुदल पहलवान के सुपौत्र है। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह,सुरेंद्र प्रताप सिंह, विजेद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह,अभय प्रताप सिंह, विकास प्रताप सिंह, अंकित सिंह, प्रशांत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 21 मई को

प्रखर मीरजापुर। कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 21 मई 2023 दिन रवार को प्रातः 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मड़िहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर अनमोल पाल की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होने इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण (नोडल) एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगणों की बैठके आहूत कर राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिये और सभी विभागों के अधिकारीगण व नोडल अधिकारीगण से अपेक्षा किये कि विभागों में लम्बित मुकदमों को, मामलों / प्रकरणों को अथवा बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक वादकारियों एवं बकायेदारों को लाभान्वित करें। उन्होने यह भी बताया कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए मुकदमों के परिप्रेक्ष में दिनांक- 21 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुकदमों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण कराने का प्रयास कराया जायेगा और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जायेगा। सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण एवं प्रशासन के पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किये कि पारिवारिक / वैवाहिक मुकदमों, बटवारा मुकदमों व चेक बाउन्स के मुकदमों व लघु आपराधिक मुकदमों एवं ई-चालानी मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराना सुनिश्चित करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में वादकारियों को लाभ पहुंचाये। रा०लो०अ० नोडल अधिकारी / अपर जिला जज श्री वायु नन्दन मिश्र ने बताया कि 21 मई 2023 को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व दिनांक 18-05-2023, 19-05-2023 व 20-05-2023 को चालानी मुकदमों के निस्तारण हेतु लोक अदालत का आयोजन सभी मजिस्ट्रेट न्यायालय में किया जायेगा। साथ ही आर्बीट्रेशन निष्पादन वादों का भी निस्तारण ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराये जाने के सन्दर्भ में समस्त सम्बन्धित न्यायालयों, समस्त तहसीलों के न्यायालयों एवं जनपद के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर आदेशित किया गया है। पक्षकार अपने अपने मुकदमों / मामलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित न्यायालयों एवं विभागो के अधिकारीगण से सम्पर्क कर निस्तारण करा सकते है। सचिव अपर जिला जज (एफ.टी.सी.) श्री लाल बाबू यादव ने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक 21 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में ई-चालानी मुकदमो का निस्तारण कराये। साथ ही यह कहा कि ऐसे पति-पत्नी के विवाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुये हो और बैंक ऋण वसूली (एन.पी.ए.खाता), तथा अन्य विभागों के प्रकरण एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन स्तर के सभी मामलों को निस्तारित कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में पक्षकार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# शांति भंग में 55 व्यक्ति तथा एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा सुखराम, मनोज निवासी लरेवा सरौदा, बादमा, शिवा निवासीगण रायपुर पलिया, सनी, सत्यम निवासीगण बहरवार थाना चिरैयाकोट, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा मनीष राय निवासी रौदा भगवानपुर, अंगद यादव निवासी बसियाराम थाना दोहरीघाट, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा अब्दुल रहमान निवासीस चेलाराम का पुरा, गोलू सिंह, चन्दन सिंह, सत्यानन्द चौबे, गौरव सिंह, दीनानाथ सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बालकिसुन, अजय निवासीगण कुर्थिजाफरपु, सुभान अहमद, वसीम अकरम, अरशद जमाल, दानिश जमाल निवासीगण जुम्मनपुरा, हफिजूर्रहमान, मो. आरिफ, मो. साजिद, ,खुर्शिद जमाल, अरशफ, मौलवी असदुल्लाह निवासीगण जुम्मनपुरा, सौदागर निवासी चेलाराम का पुरा थाना कोपागंज, थाना मधुबन पुलिस द्वारा इरफान अहमद, रूख्सार अहमद निवासीगण चकउत, रामपहदार, विजय बहादुर निवासीगण बारा, नरेश यादव, सुरेन्द्र यादव निवासीगण कमलापुर, बन्टी पाण्डेय, प्रिस कुमार निवासीगण हसनपुर, प्रताप चौहान निवासी सीकडीकोल, आकाश पटेल, सतोष, अंकित निवासीगण विसूनपुरा, रामशब्द यादव, रामअवध, गोविन्द निवासीगण सरफोरा, सुमिता, प्रभावती, उषा, प्रमिला निवासीगण चकउत थाना मधुबन, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा रोहित चौहान, हरखु चौहान निवासीगण उम्मनपुर, लक्ष्मण निवासी कैलेण्डर तिराहा थाना मुहम्मदाबाद, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा ओमकार, आकाश निवासीगण बरवा, दुर्गेश, बद्रीनाथ निवासीगण बड़ार थाना रानीपुर जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी तथा थाना घोसी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त मो. फैजल पुत्र सिराजुद्दीन हक निवासी मानिकपुर असना थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# डॉ. मोहित कौशिक ने AIIMS (INICET 2023) की परीक्षा में आल इण्डिया लेवल पर 12वां स्थान तथा उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रचा नया कीर्तिमान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बीएलडब्लू रोड स्थित पापुलर हास्पिटल में किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन` पत्रकार वार्ता के दौरान पापुलर हास्पिटल के चेयरमैन डाक्टर ए.के.कौशिक ने मीडिया को बताया की डॉ. मोहित कौशिक ने इसी वर्ष मार्च में आईएमएस बीएचयू से एमबीबीएस किया है जो कि अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मेडिकल कालेजों में से एक है डॉ. मोहित कौशिक पॉपुलर अस्पताल के चेयरमैन डॉ. ए.के.कौशिक एवं एमडी डॉ.किरन कौशिक के सुपुत्र हैं उनके माता पिता ने 29 वर्ष पूर्व पॉपुलर हॉस्पिटल की स्थापना की थी जो यात्रा 1994 में शहर के निवासियों के उपचार हेतु प्रारंभ की गई थी` आज पूर्वाचल के सभी जिलों तथा बिहार, झारखंड एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के रोगियों को इलाज अत्याधुनिक तकनीकी एवं विभिन्न स्पेशियलिटी एवं सुपर स्पेशियलिटी में उपलब्ध चिकित्सकों के द्वारा कर रहा है` इसी श्रृंखला में अस्पताल के चेयरमैन डॉ. ए.के. कौशिक एवं एमडी डॉ. किरन कौशिक के सुपुत्र डॉ. मोहित कौशिक ने एम्स परीक्षा में 12वां स्थान लाकर युवाओं को नया संदेश दिया है तथा पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है` इस उपलक्ष्य में डॉ. मोहित कौशिक के विचारों को जानने के लिए कि यह किस प्रकार पॉपुलर हॉस्पिटल में पूर्वांचल एवं उत्तर प्रदेश के लोगों को उपचार हेतु सुविधाएं प्रदान करेंगे और उनके विचार क्या है इस बारे में जानने के लिए एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने संवाददाताओं से अपने विचार सांझा कियाऔर बताया कि ये उनका सपना था कि में एम्स दिल्ली से पीजी कोर्स करू जहां के उनके भाई अक्षत कौशिक पहले से ही एमबीबीएस कर रहे हैं क्योंकि हम सभी इस बात को जानते हैं कि भारत में कोविड जैसी आधुनिक बीमारी के साथ-साथ अन्य बीमारियों से संबंधित पूर्व निर्धारित मानकों की रचना एम्स दिल्ली में ही की जाती है इसके साथ-साथ अगर मुझे कभी चिकित्सा की जरूरत हो तो मेरे मन में एम्स दिल्ली का नाम ही आयेगा लेकिन मैं इतना सक्षम होते हुए भी यहां नहीं जा सकता` अतः एम्स दिल्ली से प्रशिक्षण लेकर पॉपुलर हॉस्पिटल मे अपने शहर एवं सीमावर्ती राज्यों के लोगों का इलाज करना चाहता हूँ` अपनी एम्स परीक्षा पहली ही बार में उत्तीर्ण करने का श्रेय अपने माता - पिता,अध्यापकों , संस्थान तथा शहर के लोगों को दिया उन्होंने बताया कि हमारे इर्द गिर्द कम से कम 5-6 व्यक्ति होते हैं हमारे माता-पिता, भाई-बहन आदि जिनके अनुसार हम अपने अंदर गुणों को विकसित करना चाहते है इसके लिए अधिकतम समय उनके साथ व्यतीत करना चाहिए` डॉ. मोहित कौशिक ने बताया कि मैं और मेरे भाई डॉ. अक्षत कौशिक का ये मानना है कि अगर वो चाहते तो हमारे पास विकल्प था कि अमेरिका, लंदन आदि शहरों में जाकर सेटल हो सकते थे लेकिन हम इसी शहर में पले बढ़े है और इस शहर की समस्याओं का अवलोकन नजदीकी के साथ किया है अतः यहां रहकर उन समस्याओं को निपटाने में मील का पत्थर साबित होना चाहते हैं और पॉपुलर हॉस्पिटल के माध्यम से एक अच्छा प्रभाव डालना चाहते हैं ` पॉपुलर हॉस्पिटल हमेशा से नवीनतम तकनीकी के द्वारा तथा विशेषज्ञता वाले विभागों के माध्यम से उचित दर पर सही इलाज करता रहा है` अंत में पॉपुलर ग्रुप के सीईओ डॉ. कुलश्रेष्ठ ने समस्त संवाददाताओं एवं अतिथियों का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि पॉपुलर हॉस्पिटल भविष्य में भी इसी प्रकार आने वाले रोगियों का अत्याधुनिक तकनीकी से इलाज करता रहेगा।



## संक्षिप्त खबरें

### युवती का पीछा करने व धमकी देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना राजगढ़, पर दिनांक: 14.05.2023 को थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक युवती द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी का फोटो/ वीडियों बनाकर धमकी देने व पीछा करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा युवती के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरतापूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी मड़िहान व प्रभारी निरीक्षक राजगढ़ को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः16.05.2023 को क्षेत्राधिकारी मड़िहान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना राजगढ पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त महेन्द्र कुमार सिंह उर्फ राहुल पुत्र नारसिंह निवासी बिशुनपुरा थाना राजगढ जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । थाना राजगढ पर पंजीकृत मु0अ0सं0-55/2023 धारा 354(घ),354(ग),504,506 भादवि व 3(2)(5)क SC/ST एक्ट में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।




### शाखा प्रबंधक का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



प्रखर गंभीरपुर / आजमगढ़। यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा मुहम्मदपुर के शाखा प्रबंधक संजय कुमार विश्वकर्मा का उड़ीसा के भुवनेश्वर में स्थानांतरण होने पर यूनियन बैंक आफ इंडिया मुहम्मदपुर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें फूल माला व उपहार देकर विदाई की गई । बैंक के फील्ड अफसर गोपाल सर ने कहा कि शाखा प्रबंधक संजय कुमार विश्वकर्मा ने यूनियन बैंक मुहम्मदपुर में लगभग 2 वर्षों तक कार्य कर जनता का सेवा किए , इनकी ईमानदारी कार्य करने की लगन व कार्यशैली से हम सभी बैंक कर्मियों को काफी सिख मिली है। यह जहां भी जाएं स्वास्थ्य रहे और जनता की सेवा करते रहें। शाखा प्रबंधक संजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुहम्मदपुर व क्षेत्र के लोगों ने जो मान सम्मान मुझे दिया वह मैं जीवन प्रयत्न भूल नहीं सकता। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कहा कि वह ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । इस अवसर पर मुख्य रूप से गोपाल, सौरभ ,जय राम, निखिल वर्मा, आशुतोष, प्रभात राय ,रामानंद, चंद्र शेखर यादव, रामजी लाल शर्मा, हरिश्चंद्र, साहब शर्मा, राणा यादव, राधेश्याम, रामअवतार स्नेही आदि लोग उपस्थित थे।

### लू प्रकोप से बचाव एवं जन जागरूकता हेतु फिल्म के माध्यम से कराया जा रहा प्रचार प्रसार

प्रखर मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा लू प्रकोप से बचाव के एडवाइजरी जारी की गयी हैं। उन्होने बताया कि एन0डी0एम0ए0 द्वारा समस्त राज्यों के आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित विभागो एवं प्रमुख सचिव/सचिव के के साथ बैठक कर लू प्रकोप से तैयारी की समीक्षा की गयी। तत्पश्चात बैठक की कार्यवृत्ति राष्ट्रीय आपदा प्रबनधन प्राधिकरण द्वारा भी जारी किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये अंग्रेजी एवं हिन्दी संस्करण में हीट वेव (फिल्म) पर 10-टी0वी0सी0एस0, एन0डी0एम0ए0 की बेवसाइट एवं एन0डी0एम0ए0 के राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के नाम से यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हैं। जिसका विवरण लिंक shorturl.at/fgkwC हैं। इस लिंक के द्वारा कोई भी व्यक्ति लू प्रकोप से बचाव एवं जन जागरूकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता हैं।

### दहेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्ता गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर।थाना चुनार पर दिनांकः12.04.2023 को वादी कल्लू पुत्र रामखेलावन निवासी गहीरा थाना मड़िहान द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-125/2023 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । आज दिनांकः16.05.2023 को उ0नि0 मृत्युन्जय सिंह व म0आ0शशिलता यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद अभियुक्ता बदामा देवी पत्नी चौथी राम निवासी कुबा खुर्द थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

### दहेज हत्या के अभियोग में महिला पुरुष गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना हलिया पर दिनांकः14.05.2023 को वादी कमलापाल पुत्र रामप्रसाद निवासी राजपुर थाना हलिया द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध प्रार्थी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना हलिया पर मु0अ0सं0-51/2023 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । आज दिनांकः16.05.2023 को थानाध्यक्ष हलिया बिष्णुप्रभा सिंह व म0आ0रीमा सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद अभियुक्त/अभियुक्ता 1.विनोद पाल पुत्र नचकऊ पाल 2.जयपत्ती देवी पत्नी नचकऊ निवासीगण सिकटा (रौतेलिया) थाना हलिया को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्ता/अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## अमृता राव और आरजे अनमोल ने शादी पर खर्च किए महज 1.5 लाख

मुंबई (आईएएनएस)। मैं हूं ना, इश्क विश्क, जॉली एलएलबी और ठाकरे जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस अमृता राव ने अपने पति आरजे अनमोल के साथ अपनी शादी के बारे में एक चौंकाने



वाली बात साझा की है। कपल ऑफ थिंग्स के एनिवर्सरी स्पेशल एपिसोड पर, यह जोड़ी अपने फैंस को मुंबई से पुणे शहर की पुरानी यादों में ले गई, जहां उन्होंने नौ साल पहले कटराज के एक प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की थी। इस जोड़े ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी शादी पर केवल 1,50,000 रुपये खर्च किए, जिसमें उनके वेडिंग आउटफिट्स, वेन्यू, ट्रेवल व अन्य खर्च शामिल थे।

## सगाई पर परिणीति चोपड़ा की मां ने लिखा इमोशनल नोट

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा की मां रीना चोपड़ा ने अपनी बेटी के लिए एक इमोशनल नोट लिखा, जिसकी 13 मई को आप नेता राघव चड्ढा से सगाई हुई थी। रीना ने इंस्टाग्राम पर परिणीति और राघव की सगाई की



तस्वीर शेयर की और उनके लिए अपने विचार लिखे। रीना चोपड़ा ने लिखाः अपने जीवन के सफर के दौरान कई सारे कारण इस दुनिया में आपको ऐसे मिल जाएंगे जो आपको इस बात का यकीन दिला देंगे कि वहां ऊपर कोई भगवान बैठा है। मैं आप सभी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने यहां पहुंचकर उनके लिए अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। परिणीति और राघव की सगाई नई दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई और इसमें कपल के करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। अपने रिश्ते के बारे में एक महीने से अधिक समय तक चुप रहने के बाद, सगाई के दिन कपल ने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि की। राघव ने लिखाः मैंने जो कुछ भी प्रार्थना की.. उसने हां कहा!

## लिफ्ट मांगकर सेट पर टाइम से पहुंचे बिग बी

मुंबई (आईएएनएस)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने शूटिंग पर लेट होने के चलते एक अजनबी से लिफ्ट ली, जिसे उन्होंने प्यार से अपना राइड बडी कहा। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एक शख्स के साथ हार्ले डेविडसन बाइक पर पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस राइड के लिए शुक्रिया दोस्त, मैं तुम्हें नहीं जानता हूं, लेकिन तुमने मुझे सेट पर समय पर पहुंचने में मदद की, तुमने इस उलझन भरे ट्रैफिक जाम में यह काम इतनी तेजी से किया, येलो टीशर्ट, शॉर्ट्स और कैप वाले ओनर को थैंक्यू। फिल्म फ्रंट की बात करें तो, अमिताभ प्रोजेक्ट के में दिखाई देंगे, जिसमें प्रभास और दीपिका पादुकोण भी हैं। फिल्म का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। वह रिभु दासगुप्ता की कोर्ट रूम ड्रामा सेक्शन 84 में भी नजर आएंगे।



# कृत्रिम बुद्धिमत्ता

## जन सुरक्षा खतरों के लिए तैयार रहने की जरूरत



टोरंटो (द कन्वरसेशन)। दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में सम-सामयिक आपातकालीन प्रबंधन का ध्यान बाढ़, भूकंप, तूफान, औद्योगिक दुर्घटनाओं, मौसम संबंधी घटनाओं और साइबर हमलों जैसी प्राकृतिक, प्रौद्योगिकी और मानव निर्मित खतरों पर रहा है। बहरहाल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपलब्धता तथा क्षमताओं में वृद्धि से, हम इन प्रौद्योगिकियों से जुड़े जन सुरक्षा खतरों को जल्द ही देख सकते हैं जिनसे हमें निपटने तथा उनके लिए तैयार रहने की आवश्यकता होगी। पिछले 20 से अधिक वर्षों में मेरे सहकर्मी और मैं, अन्य अनुसंधानकर्ताओं के साथ ऐसे मॉडल और एप्लिकेशन्स विकसित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का लाभ उठा रहे हैं जो आपात प्रतिक्रिया अभियान की सूचना देने तथा निर्णय निर्धारण के जोखिमों की पहचान करने, अनुमान लगाने, निगरानी करने के साथ साथ उनका पता भी लगा सकते हैं। हम अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच रहे हैं जहां एआई बड़े पैमाने पर खतरे का बड़ा स्रोत बन रहा है जिसे खतरों और आपातकालीन प्रबंधन चरणों - शमन या रोकथाम, तैयारी, प्रतिक्रिया और बहाली में शामिल किया जा सकता है।

### एआई और खतरों का वर्गीकरण


एआई के खतरों को दो प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है : जानबूझकर उत्पन्न किए गए खतरे और अनजान खतरे। अनजान खतरे वे हैं जो मानव द्वारा की गयी गलतियों या प्रौद्योगिकी नाकामी के कारण पैदा होते हैं।एआई का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई आधारित तकनीक में एआई मॉडल या प्रौद्योगिकी नाकामी में मानव गलतियों से हुई प्रतिकूल घटनाएं अधिक होंगी। ये घटनाएं परिवहन (जैसे कि ड्रोन, ट्रेन या स्वचालित कार), बिजली, तेल और गैस, वित्त तथा बैंकिंग, कृषि, स्वास्थ्य और खनन समेत सभी प्रकार के उद्योगों में हो सकती हैं।

### जन सुरक्षा को खतरे :

जन सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन विशेषज्ञ खतरों का आकलन तथा उनकी तुलना करने के लिए जोखिम मैट्रिक्स का इस्तेमाल करते हैं। इस पद्धति का इस्तेमाल कर खतरों का गुणात्मक या मात्रात्मक आकलन उनकी आवृत्ति तथा परिणाम के आधार पर किया जाता है तथा उनके असर को निम्न, मध्यम या उच्च के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

### एआई जोखिम आकलन

विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान, संगठन और कंपनियां एआई प्रौद्योगिकियों का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर रही हैं और एआई से जुड़े खतरे सामने आना शुरू हो गए हैं।अकाउंटिंग कंपनी केपीएमजी ने 2018 में 'एआई रिस्क एंड कंट्रोल मैट्रिक्स' विकसित किया। यह कारोबारों द्वारा एआई का इस्तेमाल करने के खतरे को दिखाता



है और उनसे इन नए उभरते खतरों की पहचान करने का अनुरोध करता है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि एआई तकनीक बहुत तेजी से उभर रही है और इसकी वजह से होने वाले जोखिम को नियंत्रण करने के उपाय होने चाहिए। सरकारों ने भी एआई आधारित तकनीकों के इस्तेमाल के लिए कुछ जोखिम आकलन दिशा निर्देश विकसित करना शुरू कर दिया है। हालांकि, ये दिशा निर्देश एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह तथा व्यक्तियों के अधिकारों के उल्लंघन तक सीमित हैं।

### खतरे और प्रतिस्पर्धा

एआई पर राष्ट्रीय स्तर की नीति का ज्यादातर ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दृष्टिकोण से रहा है यानी एआई प्रौद्योगिकी में पिछड़ने के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक जोखिम के खतरे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों का संबंध एआई से है। विश्व आर्थिक मंच ने 2017 की अपनी 'ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट' में कहा कि एआई इकलौती उभरती प्रौद्योगिकियों में से एक है जो वैश्विक खतरा बढ़ाती है।सरकार और कॉरपोरेट नीतियों में जितनी गति से खतरों को समझा गया तथा उनका प्रबंधन किया जा रहा है, उससे कहीं अधिक तेजी से एआई विकास हो रहा है।एआई प्रौद्योगिकियों के लिए बाजार की प्रतिस्पर्धा के साथ मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां, सरकारों के लिए जोखिम शासन तंत्र को विकसित करने के बारे में सोचना मुश्किल बनाती हैं।

## शंघाई पर समुद्र के बढ़ते जल स्तर के कारण डूबने का खतरा

बीजिंग। चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22.94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ ।बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढने की दर जलवायु परिवर्तन



के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है, 2050 तक यह तीन से पांच गुना तेजी और इस सदी के अंत में 50 गुना अधिक तेजी से बढ़ने की आशंका है।



## 25 साल बाद हिंदी फिल्मों में आएंगी नजर ज्योतिका

मुंबई (आईएएनएस)। विकास बहल द्वारा निर्देशित अपकमिंग सुपरनेचुअलर थ्रिलर में अजय देवगन, आर माधवन के साथ एक्ट्रेस ज्योतिका नजर आएंगी।ज्योतिका 25 साल बाद हिंदी फिल्मों में वापसी कर रही हैं और पहली बार अजय के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी।फिल्म की शूटिंग इस जून में शुरू होगी और इसकी बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, मसूरी और लंदन में की जाएगी।फिल्मों के बारे में डिटेल्स सीक्रेट्स रखी गई हैं।फिल्म का निर्माण अजय देवगन, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा अजय देवगन एफफिल्म और पैनोरमा स्टूडियो के बैनर तले किया जाएगा। मेकर्स जल्द ही फिल्म के बारे में और जानकारी सामने लाएंगे।

## पवन सिंह की फिल्म 'हर हर गंगे' का टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता) । भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म 'हर हर गंगे' का टीजर रिलीज हो गया है। चंदन कन्हैया उपाध्याय के निर्देशन में बन रही फिल्म 'हर हर गंगे' के टीजर में पवन सिंह अपने कंधे पर मगरमच्छ को उठाये हुए नार आ रहे हैं। निर्देशक चंदन उपाध्याय ने कहा,'हर हर गंगे'हम सब का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसकी शूटिंग वारणसी में की गई है। इस फ़िल्म में कई ऐसे दृश्य हैं जिन्हें देखकर दर्शकों के रौंगटे खड़े हो जाएंगे। फ़िल्म के टीर को जिस तरह का रेस्पॉन्स मिल रहा है, उससे दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है ।हर हर गंगे की शूटिंग बॉलीवुड और साउथ के अंदा में की गई है। पवन सिंह का एक्शन अवतार लोग टीर में भी पसन्द कर रहे है। इस तरह की भोजपुरी फ़िल्म पहली बार बिग स्क्रीन पर दिखाई देने वाली है, जिसकी मेंकिंग से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक बॉलीवुड स्टाइल में हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म हर हर गंगे की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ गंगा अभियान से प्रेरित है। इस फिल्म के निर्माता अभय सिंह, एके पांडे, वाईआर वर्मा है। डीओपी महेश वेंकट है।

## पौधरोपण : प्रकृति के लिए लाभ के बजाय लागत को तरजीह

टाउंसविल (द कन्वरसेशन) । पेड़ों की कटाई और जीवों की प्रजातियों के विलुप्त होने के मामले में ऑस्ट्रेलिया का नाम दुनिया में सबसे ऊपर आता है। संकटग्रस्त प्रजातियों को बचाने के उपायों में पौधारोपण कार्यक्रम महत्वपूर्ण होता है, लेकिन क्या यह हमेशा कारगर है? हमारे नये अनुसंधान में इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गयी। इसमें 2014 में केविन रड की लेबर पार्टी की सरकार के समय शुरू किये गये दो करोड़ पौधे रोपने के कार्यक्रम का अध्ययन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली बाना, पशुओं की प्रजातियों को बचाना और ग्रीनहाउस गैसों में कमी लाना था। हालांकि, हमारे शोध में पाया गया कि वित्तपोषण के फैसले काफी हद तक प्रत्येक पेड़ की लागत जैसे विचारों से प्रेरित थे। इसमें संकटग्रस्त प्रजातियों और जलवायु दोनों की अनदेखी की गयी।

### दो करोड़ पेड़ लगाने का कार्यक्रम क्या था?

ऑस्ट्रेलिया में पिछले 200 साल में सबसे अधिक जैवविविधता क्षय देखा गया है। इसका बड़ा कारण खेती की भूमि को साफ करके अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाना है। ऑस्ट्रेलिया की 2,000 संकटग्रस्त प्रजातियों और समुदायों के पर्यावासों का संरक्षण नहीं किया गया तो उनमें से अधिकतर विलुप्त हो जाएंगे। इसके अलावा वनस्पति वातावरण से कार्बन लेती है, इसलिए जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए देशी पौधों को फिर से लगाना महत्वपूर्ण है। इस बात को ध्यान में रखते हुए रड सरकार ने 2014 में 6.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत वाले पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य 2020 तक दो करोड़ पेड़ लगाना था। कार्यक्रम की अवधि अब समाप्त हो चुकी है। इसके तहत 30,000 हेक्टयेर से अधिक भूभाग में 2.95 करोड़ पौधे रोपे गये। इसके लिए विभिन्न सामुदायिक समूहों, भूस्वामियों को योजना के तहत पेड़ लगाने के लिए भुगतान किया गया। इसमें 1.3 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के प्रतिस्पर्धी अनुदान समेत अन्य तरीके शामिल रहे।

प्रति पौधा 5 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत की स्थिति में परियोजनाओं के वित्तपोषण की संभावना अधिक थी। जिस परियोजना में पेड़ की कीमत 10 डॉलर से अधिक आंकी गयी, उन्हें धन नहीं दिया गया। प्रति पौधारोपण लागत के आधार पर धन आवंटन का तरीका समस्या वाला था। पौधे की लागत, बीज प्राप्त करने की लागत, अंकुरण समय और विकास जैसे कारकों पर निर्भर करती है। वुडलैंड यूकेलिप्टस के पौधों के उत्पादन में कुछ डॉलर खर्च हो सकते हैं, जबकि कुछ ऊष्णकटिबंधीय वर्षावन के पेड़ों की कीमत लगभग 14 डॉलर प्रति पौधा तक हो सकती है। संकटग्रस्त पशुओं को भोजन या आश्रय देने की क्षमता के आधार पर व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में पेड़ों का मूल्य अलग हो सकता है।

धन आवंटन के लिए समूहों का कम बोली लगाने के लिए बाध्य होना भी नुकसानदेह हो सकता है। इसमें पौधों की कम प्रजातियों को रोपना और निराई तथा पानी देने जैसे आवश्यक रखरखाव को कम करना शामिल हो सकता है। कितने पौधे रोपे गये, इस पर ध्यान देने के बजाय कितने पेड़ बच पाए, इस पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर पर्यावरणीय परिणाम प्राप्त होंगे। संकटग्रस्त 769 प्रजातियों के पर्यावासों में पौधारोपण परियोजनाओं को संचालित किया गया। इनमें से केवल नौ को परियोजनाओं का लाभ मिला। संकटग्रस्त प्रजातियों को अधिक लाभ प्रदान करने की क्षमता वाली कई परियोजनाओं को वित्तपोषित ही नहीं किया गया।ऑस्ट्रेलिया में संकटग्रस्त पौधों और पशुओं की प्रजातियों में से अधिकतर को कार्यक्रम के तहत पर्यावास संरक्षण का लाभ नहीं मिला। लेकिन यदि वित्तपोषण के लिए अलग-अलग परियोजनाओं का चुनाव होता तो करीब 400 प्रजातियों के पर्यावासों का संरक्षण किया जा सकता था। वित्तपोषण के फैसलों में परियोजना की कार्बन सोखने की क्षमता से ज्यादा महत्व उसकी लागत को दिया गया।

ऑस्ट्रेलिया में दो करोड़ पौधे रोपने का कार्यक्रम





## जैकलीन ट्रेंडिंग सॉन्ग फ्लावर पर लगाए ठुमके

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ट्रेंडिंग सॉन्ग फ्लावर पर डांस किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। फ्लावर सिंगर जिसू का एक वायरल ट्रैक है, जो के-पॉप ऑल गर्ल्स सुपर बैंड ब्लैकपिंक का हिस्सा है। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने दबंग टूर से एक ट्रांजिशन वीडियो साझा किया, जहां वह ट्रैक के हुक स्टेप करती नजर आ रही हैं, जो इस समय पूरे सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। क्लिप के पहले पार्ट में, जैकलीन कैजुअल लुक में नजर आई और फिर वह स्टेज आउटफिट पहने दिखाई दीं। उसने वीडियो को कैप्शन दियाः दबंग द टूर रीलोडेड कोलकाता। इतने प्यार के लिए धन्यवाद ! बता दें कि, जैकलीन अगली बार फतेह में सोनू सूद के साथ दिखाई देंगी।

Entertainment News



## आजकल कहां और क्या कर रहे हैं शाइनी आहूजा

बॉलीवुड स्टार शाइनी आहूजा आज अपना 48 वां जन्मदिन मना रहे हैं। ये अपने करियर में कई बार विवादों में रह चुके हां उनके जन्मदिन पर हम बताने जा रहे हैं कुछ खास बातें। इसके पहले बता दें, शाइनी आहूजा का जन्म 15 मई 1975 को देहरादून में हुआ था। उनके पिता का नाम सूरज प्रक: आहूजा और मां का नाम सीमा आहूजा है। उनकी एक बड़ी बहन हैं। उनका फिल्मी सारी भी अच्छा रहा लेकिन बॉलीवुड में ज्यादा नाम नहीं कमा पाए। स्कूली दिनों में ही उनके अंदर एक्टिंग के लिए दिलचस्पी होने लगी। जिसके चलते उन्होंने स्कूल खत्म होने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज में ड्रमेटिक्स में दाखिला ले लिया। कॉलेज खत्म होने के बाद शाईनी को पहला कमर्सियल ऐड पेप्सी का मिला। उसके बाद उन्होंने 40 ऐड किये। शाइनी आहूजा की शादी अनुपमा आहूजा से हुई है। उनकी एक बेटी भी निर्देशक सुधीर को उनकी पहली फिल्म पेप्सी के ऐड के कारण ही मिली। फिल्म फेयर का बेस्ट डेब्यू मेल का अवार्ड भी मिला था। इसके बाद वह मुकेश भट्ट की फिल्म गैंगस्टर में नजर आए। फिल्म वो लम्हे में शाइनी कंगा के संग बड़े पर्दे पर नजर आये। फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर अच्छी कमाई तो की साथ ही आलोचकों ने भी शाइनी को शाइनिंग स्टार तक कह दिया। इसके बाद उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया लाइफ इन अ मेट्रो, हाइजैक, भूलभुलैया, फना, साल 2015 में शाइनी अनीस बाज्मी की फिल्म वेलकम बैक से हिंदी सिनेमा में अपनी वापसी कर रहे हैं। वह इस फिल्म में एक डॉन के बेटे की भूमिका अदा कर रहे हैं।



## किंग खान की राह पर निकले वरुण धवन

बॉलीवुड स्टार वरुण धवन इन दिनों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में व्यस्त है। मूवी स्टार इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन स्टार और निर्देशकों संग कार्य कर रहे है। एक्टर की अगली मूवी को लेकर भी एक दिलचस्प जानकारी हाथ आ गई है। खबरों का कहना है कि मूवी स्टार वरुण धवन ने अपनी अगली फिल्म के लिए शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर फिल्म जवान के निर्देशक संग हाथ मिला लिया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक फिल्म स्टार अपनी अगली मूवी के लिए एटली कुमार के साथ हाथ मिलाने जा रहे है। ये एक हाई एक्शन ड्रामा फिल्म कही जा रही है। इस मूवी के लिए निर्माता मुराद खेतानी ने भी हाथ मिला लिया है। निर्माता मुराद खेतानी इससे पहले इंडस्ट्री को कबीर सिंह और भूल भुलैया 2 जैसी बड़ी हिट मूवी दे चुके हैं। वरुण धवन के हाथ लगी एटली कुमार की फिल्म बता दें कि मानें तो वरुण धवन और एटली कुमार की इस मूवी से जुड़े करीबी सूत्र ने मूवी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वो लंबे वक्त से एक्शन थ्रिलर मूवी की प्रतीक्षा में थे। जो इस मूवी से पूरी होगी। इतना ही नहीं, पता चला है कि फिल्म की शूटिंग इसी जुलाई-अगस्त से शुरू होने वाली है।

## विक्की-सारा ने पार की रोमांस की हदें

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर्स विक्की कौशल और सारा अली खान इन दिनों फिल्म जरा हटके जरा बचके फिल्म को लेकर सुर्खियों मे हैं। हाल ही में इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें विक्की और सारा दोनों ही दमदार एक्टिंग करते नजर आ रहे हैं। जरा हटके जरा बचके विक्की कौशल और सारा अली खान की साथ में पहली मूवी है, जो कि अगले ही महीने रिलीज होने के लिए तैयार है। पहले ऐसी चर्चा थी कि फिल्म जवान की वजह से फिल्म की रिलीज डेट फाइनलाइज नहीं हो पाई। मगर अब रिलीज डेट लॉक हो चुकी है। जरा हटके जरा बचके फिल्म 02 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी दिन पहले शाह रुख खान की जवान भी रिलीज होने वाली थी। जरा हटके जरा बचके फिल्म को लक्ष्मण उतेकर ने डायरेक्ट किया है, जबकि दिनेश विजान और ज्योति देशपांडे ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। मूवी की स्टोरी इंदौर के दो प्रेमियों पर आधारित हैं। यह कहानी है कपिल और सौम्या की, जिन्हें कॉलेज के दिनों में एक दूसरे से प्यार हो गया। परिवार की रजामंदी से इन्होंने शादी की। ट्रेलर में दिखाया गया है कि शादी के शुरुआती दिनों में इनके बीच बहुत प्यार होता है। मगर वक्त बीतने के साथ-साथ इनका रोमांस भी फीका होता चला जाता है। नौबत यहां तक आ जाती है कि कभी एक दूसरे के प्यार में पागल कपिल और सौम्या अब एक दूसरे की शक्ल तक देखना पसंद नहीं करते, और तलाक लेकर अलग-अलग जिंदगी बिताना चाहते हैं।




# राघव चड्ढा संग सगाई के बाद फैंस के प्यार को देख गदगद हुई परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा का रिश्ता आखिरकार ऑफिशियल हो गया है। राघव और परिणीति ने 13 मई को दिल्ली में सगाई रचाई। इस इंगेजमेंट सेरेमनी में बहन प्रियंका चोपड़ा से लेकर इंडस्ट्री के कई दिग्गज सितारे और नेता भी शामिल हुए थे। अब राघव और परिणीति को फैंस जमकर बधाइयां दे रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक नोट शेयर किया है, जिसमें परिणीति चोपड़ा फैंस और मीडिया को धन्यवाद दे रही हैं। परिणीति चोपड़ा ने इस पोस्ट में सभी का धन्यवाद दिया है। एक्ट्रेस ने नोट में लिखा, राघव और मैं पिछले कुछ हफ्तों में मिले प्यार और पॉजिटिविटी से बेहद खुश हूं, खासकर हमारी सगाई पर। हम दोनों लोग अलग-अलग दुनिया से आते हैं और हमें ये जानकर हैरानी होती है कि हमारे मिलने से हमारी दुनिया भी जुड़ी हैं। हमनें एक बड़ा परिवार हासिल किया है, जितना हमने कभी सोचा भी नहीं था, उससे भी बड़ा परिवार। हमनें जो कुछ भी देखा और पढ़ा है, उससे हमें बहुत खुशी हुई है और इतना सब कुछ करने के लिए हम आप सभी का पर्याप्त शुक्रियादा नहीं कर सके। इस नए सफर में आप सभी हमारे साथ रहना। मीडिया में हमारे खास दोस्तों के लिए स्पेशल शॉउट आउट। लव परिणीति और राघव। परिणीति चोपड़ा के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, आप दुनिया का सारा प्यार और खुशियां डिसर्व करती हैं परिणीति। तो वहीं एक-दूसरे यूजर ने लिखा, आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई राघव और परिणीति। बता दें कि आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा की सगाई में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे भी शामिल हुए थे।












## भारती सिंह ने बेटे के साथ पहली बार किया रैंप वॉक

लाफ्टर क्वीन के नाम से मशहूर भारती सिंह अपने सेंस ऑफ ह्यूमर से हर किसी हंसने पर मजबूर कर देती हैं। यही कारण है कि उन्हें लाफ्टर क्वीन कहा जाता है। खैर, अब भारती की पॉपुलैरिटी उनके बेटे गोला के आगे कम हो गई है, क्योंकि एक साल के गोला ने अपनी मासूमियत से हर किसी को दीवाना बना रखा है। हाल ही में, गोला ने अपनी मम्मी के साथ पहली बार रैंप वॉक किया। बीती रात को आयोजित हुए बेटी शो में कई बॉलीवुड और टीवी एक्टर्स रैंप वॉक करते हुए नजर आए। भारती सिंह ने भी पहली बार अपने बेटे गोला उर्फ लक्ष्य लिंबाचिया के साथ रैंप वॉक किया. इस दौरान उन्हें कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक ने भी जॉइन किया। लुक की बात करें तो भारती ने ब्लैक ड्रेस के साथ ब्लू श्रग पहना था। वहीं, कृष्णा ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दिए। सबसे ज्यादा जिसने ध्यान खींचा, वह गोला थे। व्हाइट पायजामे के साथ ब्लू कुर्ता में गोला बहुत ही क्यूट लग रहे थे।



## राम चरण की पत्नी उपासना ने शादी के तुरंत बाद करवाए थे एग्स फ्रीज

साउथ सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना इन दिनों अपने आने वाले बच्चे की तैयारियों में बिजी हैं। ये स्टार कपल जल्दी ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना की शादी को करीब 10 साल बीत चुके हैं। ये स्टार कपल शादी के 10 साल बाद बेबी प्लानिंग कर रहा है। अब हाल ही में सुपरस्टार राम चरण की पत्नी उपासना कमिनेनी ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन्होंने अपनी शादी के बाद शुरुआती दिनों में ही एग्स फ्रीज करवा लिए थे। उपासना कमिनेनी ने एक मीडिया के साथ हुए बातचीत में कहा, राम और मैंने अपनी शादी के शुरुआती दिनों में ही इस बात का फैसला कर लिया था कि हम एग्स फ्रीज कराएंगे। हमें अपने एग्स स्टोर करने की प्रक्रिया में पूरा विश्वास था। इसलिए हमने इसे कई वजहों के चलते शुरुआत में ही करवा लिया था। वो बहुत सारे शूट्स में बिजी थे। मैं अपना करियर बनाने में व्यस्त थी। आज हम दोनों एक स्थायी मुकाम पर पहुंच चुके हैं जहां हम अपने खुद के पैसों से बच्चे की परवरिश की जिम्मेदारी उठा सकें। उपासना कमिनेनी के इस इंटरव्यू ने हर किसी का ध्यान खींचा है। राम चरण की पत्नी की इस बात ने लोगों का दिल जीता और उन्हें काफी तारीफें मिल रही हैं। इससे पहले बीते दिन सुपरस्टार राम चरण की पत्नी उपासना ने सोशल मीडिया पर अपने बेबी बंप की तस्वीरें शेयर करते हुए एक बेहद इमोशनल नोट लिखा था। उपासना कमिनेनी ने बताया था कि उन्हें गर्व है कि वो सही समय पर और सही वजहों से मां बन रही हैं।



## ट्रैफिक में फंसे अमिताभ बच्चन को बाइक सवार ने दी लिफ्ट

बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन 80 की उम्र में भी फिल्मों में काफी एक्टिव हैं। इस उम्र में भी अमिताभ बच्चन की एक्टिंग के लिए लगन देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। अमिताभ बच्चन



सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने पोस्ट के जरिए अपनी जिंदगी से जुड़े अपडेट्स फैंस के साथ साझा करते नजर आ जाते हैं। अब हाल ही में अमिताभ बच्चन का एक पोस्ट इंटरनेट पर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल मुंबई के ट्रैफिक से बचने के लिए और शूटिंग सेट पर टाइम से पहुंचने के लिए अमिता बच्चन ने एक फैन से लिफ्ट मांगी। एक्टर ने यह पूरा वाक्या एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस के साथ शेयर किया है। दरअसल अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें बिग बी एक शख्स के साथ बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन एक अनजान शख्स के पीछे बैठे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्टर ने बताया, 卐इस राइड के लिए धन्यवाद भाई। मैं आपको नहीं जानता लेकिन आपने मेरी बात मानी और मुझे काम के लोकेशन पर समय से पहुंचा दिया। इस ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए धन्यवाद येलो टी-शर्ट और शॉर्ट्स के मालिक।

## कान फिल्म फैस्टिवलःइन चार भारतीय फिल्मों का हुआ चयन

इस साल Cannes Film Festival का आयोजन 16 मई यानी आज से 27 मई तक किया जा रहा है। इस फेस्टिवल के लिए भारत की चार फिल्मों का चयन हुआ है। कानू बहल की आगरा उनकी दूसरी फिल्म होगी, जिसका वर्ल्ड प्रीमियर, कान के डायरेक्टर्स फोर्टनाइट में होगा। उनकी 2014 की पहली फिल्म तितली का प्रदर्शन अन सर्टेन रिगार्ड वर्ग में किया गया था।



अनुराग कश्यप की केनेडी को मिडनाइट स्क्रीनिंग में और नेहेमिच को फेस्टिवल डे कान्स के ला सिनेफ वर्ग में दिखाया जाएगा। इनके अलावा, कई भारतीय फिल्मों को मार्चे डू फिल्म्स में प्रदर्शन के लिए रखा गया है। मणिपुरी फिल्म इशानहोउ, क्लासिक्स वर्ग में प्रदर्शित की जाएगी। इस फिल्म को पहले 1991 महोत्सव के अन सर्टेन रिगार्ड वर्ग में दिखाया गया था और इसकी फिल्म रीलों को भारत राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय द्वारा संरक्षित किया गया था। मणिपुर स्टेट फिल्म डेवलपमेंट सोसाइटी ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और प्रसाद फिल्म लैब्स के माध्यम से फिल्म को फिर से तैयार किया है।

**कान फिल्म महोत्सव में मानुषी छिल्लर**

द एलिफेंट व्हिस्पर्स से प्रसिद्ध हुई फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा और मॉडल और मिस वर्ल्ड 2017 विजेता मानुषी छिल्लर कान फिल्म महोत्सव में रेड कारपेट पर चलेंगी। इनके अलावा भारतीय सिनेमा की ईशा गुप्ता एवं प्रसिद्ध मणिपुरी अभिनेता कंगबम तोम्बा भी कान फिल्म महोत्सव में रेट कारपेट पर चलती नजर आएंगी। कंगबम तोम्बा की फिर से तैयार की गई फिल्म इशानहोउ, इस वर्ष कान क्लासिक वर्ग में प्रदर्शित की जा रही है। आपको बता दें कि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद ने भारतीय पवेलियन की संकल्पना की है और इसका डिजाइन तैयार किया है, जो वैश्विक समुदाय के लिए भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन विषय पर आधारित है। पवेलियन का डिजाइन सरस्वती यंत्र से प्रेरित है, जो ज्ञान, संगीत, कला, भाषण, ज्ञान और शिक्षा की देवी सरस्वती का अमूर्त प्रतिनिधित्व करता है। पवेलियन के रंग भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों केसरिया, सफेद, और हरा तथा नीला से प्रेरित हैं।



## अनुष्का शर्मा के साथ रेड कार्पेट डेब्यू करेंगी सारा अली खान, मुबई एयरपोर्ड पर हुई स्पॉट

अनुष्का शर्मा के अलावा इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में सारा अली खान भी रेड कार्पेट पर चलने वाली हैं। जरा हटके जरा बचके फिल्म की अभिनेत्री कर रही हैं कान्स में डेब्यू! कल ही, सारा अली खान और विक्की कौशल ने जरा हटके जरा बचके के ट्रेलर को बहुत धूमधाम से रिलीज किया। बाद में रात में, सारा को उड़ान भरने के लिए हवाई अड्डे की ओर भागते देखा गया। अभिनेत्री अच्छे मूड में थी। उन्होंने अपने फैन्स के साथ सेल्फी खिंचवाई। इस सप्ताह कान्स फिल्म फेस्टिवल हो रहा है और इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में विभिन्न भारतीय हस्तियां शिरकत करने वाली हैं। सारा अली खान भी उनमें से एक हैं। एक्ट्रेस को अपनी फ्लाइट में सवार होने के लिए भागते हुए देखा गया था। हालांकि, सेल्फी के लिए फैन्स ने सारा को घेर लिया। अभिनेत्री ने खुशी-खुशी अपने प्रशंसकों को तस्वीरें दीं। उसने सेल्फी के लिए पोज दिए और मुस्कुराई, जबकि प्रशंसक उन्हें घेरते रहे। आखिरकार, उन्हें बाहर निकलना पड़ा और प्रवेश द्वार की ओर भागना पड़ा। सारा ने लेदर जैकेट और डेनिम पहनी थी और स्लिंग लगा रखी थी। वह अपने कान्स डेब्यू के लिए उत्साहित दिखीं।

**आईपीएल** पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 5 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 5 | 13 |
| बेंगलोर | 12 | 6 | 6 | 12 |
| राजस्थान | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 7 | 12 |
| पंजाब | 12 | 6 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 8 | 8 |
| दिल्ली | 12 | 4 | 8 | 8 |



ऑरेंज कैप
डु प्लेसिस
631 रन



पर्पल कैप
मो. शमी
23 विकेट

## खबर संक्षेप



### चक्रवर्ती को नहीं खरीद पाने का अब तक मलाल

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि आईपीएल नीलामी में पूर्व नेट गेंदबाज वरूण चक्रवर्ती को नहीं खरीद पाने का मलाल उन्हें आज तक है। चक्रवर्ती कुछ साल तक चेन्नई के नेट गेंदबाज रहे और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी समेत चेन्नइ्र के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। फ्लेमिंग ने कहा, 'वरुण को खोने का मलाल हमें आज तक है। उसने कई साल हमें नेट पर परेशान किया। हम नीलामी में उसे खरीद नहीं सके।'चक्रवर्ती को पंजाब किंग्स ने 2019 में आठ करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा और 2020 में केकेआर ने उसे चार करोड़ में खरीदने के बाद टीम में ही रखा है।

### कप्तान राणा पर 24 लाख रुपए जुर्माना

चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितिश राणा पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'इस सत्र में धीमी ओवरगति को लेकर टीम का यह दूसरा अपराध है लिहाजा राणा पर 24 लाख रुपए और अंतिम एकादश के हर सदस्य पर छह लाख रुपए या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।



### गुलवीर ने 10,000 मी दौड़ में जीता स्वर्ण

रांची। उत्तर प्रदेश के गुलवीर सिंह ने सोमवार को यहां फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीतकर आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। गुलवीर ने 29 मिनट 5.90 सेकंड में यह दौड़ जीती जो कि एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग समय 29 मिनट 30 सेकंड से बेहतर था।

### रहमान अफगानिस्तान वनडे टीम में शामिल

काबुल। अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम में 21 वर्षीय तेज गेंदबाज अब्दुल रहमान को जगह दी है। अफगानिस्तान इस साल होने वाले विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि श्रीलंका को क्वालीफायर से गुजरना होगा जहां वह शीर्ष दो में जगह बनाकर भारत में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेगा। पिछले साल नवंबर में श्रीलंका दौरे पर गई अफगानिस्तान टीम में शामिल शाहीदुल्लाह कमाल, यामिन अहमदजई, जिया उर रहमान अकबर और गुलबदिन नैब को रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में राशिद खान, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज और नूर अहमद जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को जगह मिली है।



# दिल्ली प्लेऑफ से बाहर, आठ टीमें दौड़ में, सात मैच बाकी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन अब अपने आखिरी सफर की ओर बढ़ चला है। आईपीएल 2023 में सोमवार तक 61 मैच हो चुके हैं और सभी दस टीमों ने कम से कम 12 मैच खेल लिए हैं। अब ग्रुप स्टेज के सिर्फ 7 ही मुकाबले बचे हैं, ऐसे में प्लेऑफ की जंग अहम मोड़ पर पहुंच चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली इकलौती टीम है। दिल्ली कैपिटल्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ 31 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, जो उसकी मौजूदा सीजन में आठवीं हार रही। गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम है। आइए रेस में शामिल इन 8 टीमों के प्लेऑफ समीकरण पर एक नजर डालते हैं...

**गुजरात**

### प्लेऑफ में बनाई जगह

डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटन्स का प्रदर्शन शानदार रहा है और वह प्लेऑफ में जगह बनाने पहली टीम बनी। मुंबई के खिलाफ अपने पिछले मैच में हार झेलने के बावजूद हार्दिक पंड्या की टीम 13 मैचों में 18 अंक के साथ टॉप पर कायम है। गुजरात को अगला मैच आरसीबी के खिलाफ खेलने हैं।

**चेन्नई**

### अंतिम मैच से आस

धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने 13 मैचों में से सात में जीत हासिल की है और वह 15 अंकों के साथ फिलहाल दूसरे स्थान पर है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सीएसके को अंतिम मैच में जीत हासिल करने की आवश्यकता होगी। चेन्नई का बाकी बचा अंतिम मैच दिल्ली कैपिटल्स (20 मई) के खिलाफ हैं।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

### बाहर होने के करीब

*राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार के बाद केकेआर प्लेऑफ से बाहर होने के करीब है। केकेआर के 13 मैचों में 12 अंक हैं और वह अधिकतम 14 प्वाइंट्स तक पहुंच सकती है। ऐसे में उसे जीत के साथ-साथ बहुत सारे समीकरणों को अपने पक्ष में करना होगा। कोलकाता का अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स (20 मई) के खिलाफ है।*

**सनराइजर्स हैदराबाद**

### 12 मैचों में 8 अंक

*लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की हालत खराब हो चुकी है, सनराइजर्स के 12 मैचों में 8 अंक हैं और वह फिलहाल 9वें स्थान पर है। बाकी दो मैचों में जीत हासिल करने के साथ-साथ उसे बाकी परिणामों पर निर्भर रहना पड़ेगा। सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स (18 मई) और मुंबई इंडियंस (21 मई) जैसी तगड़ी टीमों का सामना करना है।*



**मुंबई**

### प्लेऑफ के करीब

रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई इंडियंस की टीम लय में आ चुकी है और वह 14 अंकों के साथ फिलहाल तीसरे पायदान पर है। आसानी से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए मुंबई इंडियंस को बाकी दो मैच जीतने की जरूरत है। मुंबई 16 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है, लेकिन इसके लिए उसे बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा। मुंबई को लखनऊ सुपक जायंट्स (16 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (21 मई) से मुकाबला खेलना है।

**लखनऊ**

### दो जीत जरूरी

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 7 विकेट से जीत के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स चौथे स्थान पर आ चुकी है। लखनऊ के 12 मैचों में 13 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए बाकी दो मैच जीतने पड़ेंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस (16 मई) और कोलकाता नाइट राइडर्स (20 मई) से भिड़ना है।

### बेंगलोर : पांचवें स्थान पर

फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली आरसीबी 12 मैचों में 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। आरसीबी के लिए चिंता का विषय उसका नेट-रनरेट है जो फिलहाल प्लस (0.166) में है। आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी दोनों मैचों में जीत हासिल करने की जरूरत होगी। आरसीबी को अगले दो मैच सनराइजर्स हैदराबाद (18 मई) और गुजरात टाइटन्स (21 मई) के खिलाफ खेलने होंगे।

*पंजाब की राह मुश्किलः पंजाब के 12 मैचों में 12 अंक हैं। प्लेऑफ में जगह बनाने की संभावनाओं को जिंदा रखने के लिए पंजाब को बाकी दोनों मैच जीतने ही होंगे। पंजाब को दिल्ली कैपिटल्स (17 मई) और राजस्थान रॉयल्स (19 मई) के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं।*

### राजस्थान : दूसरों पर निर्भर

2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के 13 मैचों में 12 ही अंक हैं और वह अंकतालिका में छठवें स्थान पर है। साथ ही राजस्थान को यह भी उम्मीद करनी होगी कि अन्य परिणाम उसके पक्ष में आएं। रॉयल्स को पंजाब किंग्स (19 मई) के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं।

## आईपीएल : शुभमन ने सुदर्शन के साथ की 147 रन की साझेदारी

# प्लेऑफ में गुजरात, शीर्ष दो में रहना तय, गिल का शतक, हैदराबाद बाहर

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बना। टाइटंस के 13 मैच में नौ जीत से 18 अंक हो गए हैं और टीम का लीग चरण के बाद शीर्ष दो में रहना तय हो गया है। इस हार के साथ सनराइजर्स की टीम दिल्ली कैपिटल्स के बाद प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनी।

टाइटंस ने शुभमन गिल की 58 गेंद में 13 चौकों और एक छक्के से 101 रन की पारी के अलावा साई सुदर्शन (47) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 188 रन बनाए। गिल ने अपना पहला आईपीएल शतक पूरा किया। इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम मो. शमी (21 रन पर चार विकेट) और मोहित (28 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने हेनरिक क्लासेन (64) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। क्लासेन ने भुवनेश्वर कुमार (27) के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन भी जोड़े।




### 9 ओवर में 7 विकेट गंवाकर हारा हैदराबाद

189 रन का टारगेट चेज करते हुए हैदराबाद ने शुरू के ओवर्स में लगातार विकेट गंवाए। टीम ने 9 ओवर में 59 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे, ऐसे में हेनरिक क्लासेन ने भुवनेश्वर कुमार के साथ 47 बॉल पर 68 रन की साझेदारी कर जीत के अंतर को कम किया। क्लासेन ने 44 बॉल पर 64 रन बनाए, जबकि भुवनेश्वर ने 26 बॉल पर 27 रनों की पारी खेली। मयंक मारकंडे ने 18 रन की पारी खेली। मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने चार-चार विकेट लिए।

**भुवनेश्वर ने लिए 5 विकेट :** हैदराबाद से भुवनेश्वर कुमार ने 5 विकेट लिए। उन्होंने पहले ही ओवर में ऋद्धिमान साहा को कैच आउट कराने के बाद 16वें ओवर में हार्दिक पंड्या का विकेट लिया। फिर पारी के 20वें ओवर में 5 ही गेंदों पर 3 विकेट झटक कर अपने 5 विकेट पूरे किए। भुवी ने आईपीएल करियर में दूसरी ही बार 5 विकेट लिए हैं।

**स्कोर बोर्ड**

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का अभिषेक बो भुवनेश्वर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शुभमन का समद बो भुवनेश्वर | 101 | 58 | 13 | 1 |
| सुदर्शन का नटराजन बो यानसेन | 47 | 36 | 6 | 1 |
| पंड्या का त्रिपाठी बो भुवनेश्व | 08 | 06 | 1 | 0 |
| मिलर का मार्कराम बो नटराजन | 07 | 05 | 1 | 0 |
| तेवतिया का यानसेन बो फारूकी | 03 | 03 | 0 | 0 |
| दसुन शनाका नाबाद | 09 | 07 | 1 | 0 |
| राशिद का क्लासेन बो भुवनेश्वर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नूर अहमद रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शमी का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 188/9

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-30-5, यानसेन 4-0-39-1, फारूकी 3-0-31-1, नटराजन 4-0-34-1, मार्कराम 1-0-13-0, मार्कंडेय 3-0-27-0, अभिषेक 1-0-13-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अनमोलप्रीत का राशिद बो शमी | 05 | 04 | 1 | 0 |
| अभिषेक का साहा बो दयाल | 05 | 05 | 1 | 0 |
| मार्कराम का शनाका बो शमी | 10 | 10 | 1 | 0 |
| त्रिपाठी का तेवतिया बो शमी | 01 | 02 | 0 | 0 |
| क्लासेन का मिलर बो शमी | 64 | 44 | 4 | 3 |
| सनवीर का सुदर्शन बो मोहित | 07 | 06 | 0 | 1 |
| समद का स्थानापन्न बो मोहित | 04 | 03 | 1 | 0 |
| यानसेन का हार्दिक बो मोहित | 03 | 06 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर का राशिद बो मोहित | 27 | 26 | 3 | 0 |
| मयंक मार्कंडेय नाबाद | 18 | 09 | 2 | 1 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 01 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 154/9

गेंदबाजी : शमी 4-0-21-4, दयाल 4-0-31-1,राशिद 4-0-28-0, मोहित 4-0-28-4, नूर 2.5-0-33-0, तेवतिया 1.1-0-7-0.

# क्वालीफायर फैबियन ने थामा अल्कराज का विजय अभियान



एजेंसी ▶▶ रोम

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने कार्लोस अल्कराज का पिछले 12 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में सीधे सेटों में हार के साथ थम गया।

हंगरी के क्वालीफायर और विश्व में 135वें नंबर के खिलाड़ी फैबियन मरोजसन ने सोमवार को यहां अल्कराज पर 6-3, 7-6 (4) से अप्रत्याशित जीत दर्ज की। अल्कराज ने बार्सिलोना और मैड्रिड में लगातार खिताब जीते थे। उन्होंने इटालियन ओपन में अपना पहला मैच जीतकर फिर से विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। इससे पहले रविवार को बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दूसरा सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच का सामना अब 13वीं वरीयता प्राप्त कैमरन नॉरी से होगा जिसने मार्टोन फुस्कोविक्स को 6-2, 7-6 से हराया।

इससे पहले दो बार की चैंपियन इगा स्वियाटेक ने लेसिया सुरेंको को 6-2, 6-0 से हराया। फ्रेंच ओपन 2022 उपविजेता कोको गॉ को 27वीं वरीयता प्राप्त मैरी बूजकोवा ने 4-6, 6-2, 6-2 से मात दी। वहीं मार्केटा वोंड्रूसोवा ने नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी को 7-5, 6-3 से हराया।



### बांग्लादेश ने जीती वनडे श्रृंखला, आयरलैंड को हराया

*चेम्सफोर्ड। कप्तान तामिम इकबाल के 69 रन और मुस्ताफिजूर रहमान के चार विकेट की मदद से बांग्लादेश ने आयरलैंड को पांच रन से हराकर एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला जीत ली। बांग्लादेश ने 48.5 ओवर में 274 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड जीत के करीब पहुंच रहा था और उसे आखिरी ओवर में दस रन की जरूरत थी। उसने हसन महमूद के इस ओवर में तीन गेंद में दो विकेट गंवा दिए और नौ विकेट पर 269 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने दूसरा वनडे तीन विकेट से जीता था जबकि पहला मैच बारिश में धुल गया था।*

### मलेशिया से हारकर भारत सुदिरमन कप से हुआ बाहर

*सुझोऊ। भारत सुदिरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में ग्रुप सी के अपने दूसरे मैच में सोमवार को यहां मलेशिया के खिलाफ एकतरफा हार के साथ इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गया। स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधू उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पहले मैच में ध्रुव कपिला और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी के सामने गोह सुन हुआत और लेई शेवोन जेमी की जोड़ी को हराने की कड़ी चुनौती थी लेकिन भारतीय जोड़ी को 35 मिनट में 16-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत एकतरफा मुकाबले में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया के खिलाफ 16-21, 11-21 से हार गए। सिंधू को गोह के खिलाफ 21-14, 10-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत पांच मैच के मुकाबले में 0-3 से पिछड़ गया।*

# प्रो लीग : यूरोप चरण के लिए भारतीय टीम का ऐलान, हरमनप्रीत को कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोप चरण के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि नए कोच क्रेग फुल्टोन का यह पहला टूर्नामेंट होगा।*

*अपने मैदान पर एफआईएच प्रो लीग के पिछले चरण में भारतीय टीम विश्व चैंपियन जर्मनी और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपराजेय रही। यूरोप में टीम इस लय को कायम रखना चाहेगी जहां उसका सामना लंदन में बेल्जियम और ब्रिटेन से होगा जबकि नीदरलैंड में उसे अर्जेंटीना और नीदरलैंड से खेलना है। अपनी शादी के कारण घरेलू मैचों से बाहर रहे गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की टीम में वापसी हुई है जिनके साथ अनुभवी पी आर श्रीजेश होंगे। फुल्टोन ने कहा, 'यह टूर्नामेंट शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आजमाने का सुनहरा मौका है। इससे हमें अपने खेल में सुधार का मौका मिलेगा।'*



**भारतीय टीम**

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश। डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) ,अमित रोहिदास,जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, मनदीप मोर, गुरिंदर सिंह।
मिडफील्डर : हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह, विवेक सागर प्रसाद। फॉरवर्ड : सिमरनजीत सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और मनदीप सिंह।

# पायलट की गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

## 3 मांगें रखीं, 15 दिन का अल्टीमेटम, जनसभा में पहुंचे 14 विधायक



जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की जनसंघर्ष यात्रा सोमवार को जयपुर में पूरी हो गई। भांकरोटा में हुई जनसभा में पायलट ने अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सरकार के सामने तीन मांगे रखीं और कहा कि इस महीने के आखिर तक यदि ये मांगें नहीं मानी गईं तो पूरे प्रदेश में हम आंदोलन करेंगे। अभी तक गांधीवादी तरीके से अपनी बात रख रहे थे। पायलट ने कहा- गांव-ढाणी, शहरों में बड़ा आंदोलन होगा। न्याय करवाएंगे। हम लोगों के पास कुछ नहीं है। हम तो पैर में जूता डालकर निकल पड़े थे। गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बिना पद के गाली खा-खाकर संगठन के लिए काम कर रहे हैं और आप सत्ता में बैठकर मलाई खा रहे हो। लोग यह सुन लें कि मुझे किसी सीमा में न बांधें, मैं किसी एक धर्म या समाज का नहीं हूं। मैं 36 कौम का बेटा हूं। राजस्थान का बेटा हूं। पायलट बोले- मैं दबने वाला नहीं हूं पायलट ने कहा, मैं किसी पद पर रहूं या न रहूं। राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा। डरने वाला नहीं हूं, दबने वाला नहीं हूं। आपके लिए लड़ा हूं और लड़कर रहूंगा। कहा कि कुछ लोग इस सभा को बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। सभा में आए लोगों, समर्थकों ने भी पूछा, क्या आपको यहां आने के लिए रोका नहीं गया? उन्होंने कहा, 2013 में हमारे सिर्फ 21 विधायक रह गए थे।

# मसौदा कानूनों का मसौदा तैयार करने में महारत होना जरूरी



नई दिल्ली, (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि विधायी दस्तावेजों का प्रारूप तैयार करने में विशेषज्ञता होना जरूरी है, क्योंकि इस कार्य में महारत नहीं होने से न केवल कानून बल्कि पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था निर्बल होती है। श्री शाह ने सोमवार को यहां संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित विधायी प्रारूप सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# तूफान मोचा ने मचाई भारी तबाही, तीन लोगों की मौत




नई दिल्ली, (एजेंसी)। चक्रवात मोचा ने तबाही मचा रखी है। द डेली स्टार ने बताया कि शक्तिशाली चक्रवाती तूफान ने रविवार को म्यांमार के बंदरगाह शहर सितवे में पानी भर दिया। इसके अलावा म्यांमार के रखाइन राज्य की राजधानी सितवे के कुछ हिस्सों में बाढ़ आ गई है। 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने घरों की छतों पर लगे टीन के शेड उड़ा दिए। एक टेलीकॉम टावर भी गिरा है।

## राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोगन को मिले 49 फीसदी वोट

**इस्तांबुल, (एजेंसी)।** तुर्किये में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के 91 प्रतिशत से अधिक मतपत्रों की गिनती पूरी हो चुकी है और मौजूदा राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इनमें से लगभग 49.50 प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं। तुर्किये की सुप्रीम इलेक्शन काउंसिल (वाईएसके) के प्रमुख अहमत येनर ने यह जानकारी दी है। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि श्री एर्दोगन को सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी आंदोलन पार्टी ने नामित किया गया था। उन्होंने 91.9 फीसदी मतपत्रों की गिनती होने पर 49.49 प्रतिशत मत हासिल किया है। वहीं छह दलों के विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार श्री किलिकडारोग्लू को 44.79 प्रतिशत वोट मिले हैं।

## आगरा में जामा मस्जिद की सीढ़ियां खोदने वाद दायर

**आगरा, (एजेंसी)।** ताजनगरी आगरा में स्थित जामा मस्जिद की सीढ़ियों में दबी भगवान केशवदेव की प्रतिमा को निकालने के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि संरक्षित सेवा ट्रस्ट ने सिविल जज प्रवर खंड के यहां वाद दायर किया है। कोर्ट ने वाद स्वीकार करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 31 मई तक पक्ष दाखिल करने को कहा है। सोमवार को यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष व श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव को नोटिस जारी किए हैं। इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद आगरा किला, छोटी मस्जिद दीवान ए खास, जहांआरा बेगम मस्जिद आगरा किला के सचिव, यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव को नोटिस जारी किए हैं।

## इंडिगो फ्लाइट में महिला क्रू से बदतमीजी, आरोपी बंदी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमृतसर में लैंड होने के बाद आरोपी यात्री को पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान राजिंदर सिंह के रूप में हुई है जो उड़ान संख्या 6ई 1428 से उड़ान भर रहा था। उसे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पंजाब के जालंधर निवासी गिरफ्तार यात्री ने फ्लाइट में कथित तौर पर अधिक मात्रा में शराब पी ली थी। आरोपी यात्री ने नशे की हालत में एक महिला क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी की। उस वक्त फ्लाइट के स्टाफ ने स्थिति को संभाला। सुरक्षा प्रबंधक ने लैंडिंग के बाद मामले को पुलिस के समक्ष उठाया।

## आज का इतिहास

- 1606: रूस में दो हजार विदेशी नागरिकों की हत्या हुई।
- 1875: वेनेजुएला, कोलंबिया में विनाशकारी भूकंप से 16000 लोगों की मौत हुई।
- 1911: कलकत्ता (अब कोलकाता) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था।
- 1920: फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गई।
- 1943: वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई खत्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था।
- 1960: भारत-ब्रिटेन अंतरराष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत।
- 1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे।

# 2016 से अदाणी समूह की जांच का आरोप गलत : सेबी ने कहा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**





बाजार नियामक सेबी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यह आरोप कि वह 2016 से अदाणी समूह की जांच कर रहा है, तथ्यात्मक रूप से निराधार है। सेबी ने यह भी आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शीर्ष अदालत में पेश एक हलफनामे में कहा, यह आरोप कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड 2016 से अदानी की जांच कर रहा है, तथ्यात्मक रूप से निराधार है।

इसने आगे कहा, सेबी द्वारा समय के विस्तार के लिए आवेदन का मतलब निवेशकों और प्रतिभूति बाजार के हित को ध्यान में रखते हुए न्याय सुनिश्चित करना है, क्योंकि रिकॉर्ड पर पूर्ण तथ्यों के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष निकाला जाएगा। न्याय के उद्देश्य को पूरा नहीं करेगा, और इसलिए यह कानूनी रूप से अस्थिर होगा। सेबी ने कहा, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों की जांच के संदर्भ में, सेबी पहले ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति आयोगों के संगठन (आईओएससीओ) के साथ बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमएमओयू) के तहत ग्यारह विदेशी नियामकों से संपर्क कर चुका है।

12 मई को, सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि वह अदाणी समूह की कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आसपास के विवाद की जांच पूरी करने के लिए सेबी को तीन महीने का और समय दे सकता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने कहा कि सेबी अपनी जांच पूरी करने के लिए अनिश्चित काल तक लंबी अवधि नहीं ले सकता है और हम उन्हें छह महीने नहीं देने जा रहे हैं, हम उन्हें तीन महीने देते हैं। 29 अप्रैल को, सेबी ने अदाणी समूह द्वारा स्टॉक हेरफेर के हिंडनबर्ग आरोपों की जांच पूरी करने के लिए छह महीने के विस्तार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। वहीं अदाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग वाली सेबी की अर्जी पर सुनवाई मंगलवार को होगी।

## जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत, सीएम ने किया मुआवजा राशि का ऐलान

चेन्नई, (एजेंसी)। तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिले में पिछले दो दिन के दौरान जहरीली शराब पीने से कुल 14 लोगों की मौत हो गई है। विलुप्पुरम जिले के मरक्कानम के पास एकियारकुप्पम मछुआरा बस्ती में रविवार को शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई, जबकि चार और लोगों ने अस्पतालों में दम तोड़ दिया। इसके अलावा, चेंगलपेट जिले के मदुरंतकम में एक दंपती सहित पांच लोगों की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के सिलसिले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ने चेंगलपट्टू शराब त्रासदी में मारे गए पांच लोगों के परिवारों को 10-10 लाख व बीमार लोगों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की भी घोषणा की और अस्पताल प्रशासन को उन्हें सर्वोत्तम इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया। सीएम स्टालिन ने कहा कि जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले की जांच सीबी-सीआईडी करेगी।

# जयशंकर स्वीडन में भारतीय समुदाय से मिले, जारी बदलावों को किया रेखांकित



स्टॉक होम, (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वीडन में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की और यूरोपीय संघ (ईयू) एवं हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) के लिए स्टॉकहोम की अपनी यात्रा के दौरान भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया।

जयशंकर यूरोपीय संघ हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) में शामिल होने के लिए स्वीडन के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। विदेश मंत्री ने रविवार शाम को ट्वीट किय, कि स्वीडन में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करके खुशी हुई। हम अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, ऐसे में मैंने उन्हें हमारे द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में हुई प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वीडन का ईयू के सदस्य, एक नॉर्डिक साझेदार और एक साथी बहुपक्षवादी देश के रूप में महत्व है। हमने भारत में जारी उन बदलावों के बारे में बात की, जो हमारी वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाते हैं और विदेशों में भारतीयों के लिए अवसर पैदा करते हैं। इससे पूर्व जयशंकर ने स्वीडन के अपने समकक्ष टोबियास बिलस्ट्रॉम के साथ रविवार को यहां व्यापक चर्चा की। इस दौरान हिंद-प्रशांत, यूरोप की सामरिक स्थिति तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्री के तौर पर जयशंकर की यह पहली स्वीडन यात्रा है।

## युवती से चलती कार में गैंगरेप

अमेठी, (ब्यूरो)। प्रयागराज में रह कर इंश्योरेंस कंपनी में काम करने वाली अमेठी की युवती के साथ चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। युवती को उसके जानने वाले युवक ने पॉलिसी दिलाने का झांसा देर कार में प्रयागराज से बैठाया। युवक ने युवती को नशीला पदार्थ मिला पानी पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने और उसके साथियों (कार में पहले से मौजूद युवक) ने उसके साथ प्रतापगढ़ तक करीब 60 किलोमीटर तक चलती गाड़ी में गैंगरेप किया।

## Filmiतड़का

### इटली वेकेशन पर खूब मस्ती करती दिखीं मौनी रॉय



नई दिल्ली। समर सीज़न शुरू होते ही हम बीच वेकेशन पर जाने के बहाने ढूंढने लगते हैं। वहीं एक्ट्रेस मौनी रॉय इन दिनों गर्मी को मात देने के लिए इटली के अमाल्फी में छुट्टियां एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस लगातार अपने वेकेशन की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट कर रही हैं। वहीं मौनी रॉय को ब्रीज़ी को-ऑर्ड्स आउटफिट काफी पसंद हैं, वे अक्सर अलग-अलग तरह के को-ऑर्ड सेट में नज़र आ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अमाल्फी में बीच पर जाने के लिए एक रेड कलर का को-ऑर्ड सेट चुना। उनके इस सेट में कई तरह के प्रिंट्स थे। उन्होंने प्लंजिंग नेकलाइन बिकनी टॉप को स्लिट स्कर्ट के साथ पेयर किया था, जो काफी स्टाइलिश और गर्मियों के लिए परफेक्ट था। मौनी रॉय जब वेकेशन पर होती हैं, तो उनका स्टाइल काफी आकर्षक होता है। मैचिंग लॉन्ग सारोंग के साथ स्ट्रेपी बिकनी सेट में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उनकी बिकनी और सारोंग पर इंटरलॉक्ड चेन प्रिंट था, जिसने समर फ्लोरल्स को बेहद स्टाइलिश टच दिया। मौनी रॉय के वॉर्डरोब में प्रिंटेड बिकनी की एक खास जगह है। हाल ही में, एक्ट्रेस अपने बीच वेकेशन को शानदार बनाने के लिए मियामी गई थीं, जहां उन्होंने प्रिंटेड बिकनी सेट का ऑप्शन चुना था। उनका ये आउटफिट उनके बीच लुक को स्टनिंग बना रहा था। बीच वेकेशन फैशन के लिए मौनी रॉय हमेशा हमें इंस्पायर करती हैं।

### प्यार, शादी फिर तलाक...



फिल्म में दिखेगी इंदौर के मध्यमवर्गीय शादीशुदा जोड़े की कहानी...

मुंबई। विक्की कौशल और सारा अली खान स्टारर फिल्म जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी ये फैमिली ड्रामा 2 जून को सिनेमाघरों में आएगी। पति-पत्नी के रोल में दिखे विक्की और सारा की मैरिड ड्रामा का ट्रेलर लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म में इंदौर के मध्यमवर्गीय शादीशुदा जोड़े की कहानी दिखाई गई है। कपिल और सौम्या का कॉलेज रोमांस शादी में तब्दील होता है, फिर कुछ समय बाद आता है कहानी में ट्विस्ट। हैप्पिली मैरिड लाइफ जी रहे सौम्या-कपिल की शादी में मनमुटाव आता है। दोनों की शादीशुदा जिंदगी के सुर बदल जाते हैं। बात यहां इतनी बिगड़ जाती है कि तलाक की नौबत आती है। इसके बाद शुरू होती है लड़ाई झगड़ों की कहानी। ट्रेलर में सारा-विक्की की दमदार केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। फैंस इस फिल्म के लिए एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। लोगों को लगता है ये मूवी हिट होगी और इसकी सबसे बड़ी वजह है डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर और प्रोड्यूसर दिनेश विजान। कॉमेडी रोमांटिक मूवीज में दोनों को महारथ हासिल है। सारा और विक्की को पहली बार स्क्रीन पर देखना फैंस के लिए ट्रीट से कम नहीं है।

**जज्बा** कर्नाटक कांग्रेस के सबसे युवा विधायक ने राज्य के मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री को दी पटखनी

# एक गरीब अनाथ बिना पैसे के जीता चुनाव

**बेंगलुरु ■ एजेंसी**




कर्नाटक में शनिवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक चुनाव में मिली इस जीत को कांग्रेस के लिए एक संजीवनी के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी ने यहां 224 सदस्यीय विधानसभा में 136 सीटों पर जीत दर्ज की। हालांकि इन चुनाव नतीजों में कांग्रेस के एक खास उम्मीदवार ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा और उनका नाम है प्रदीप ईश्वर।

### भाजपा के दिग्गजों को दी मात

भाजपा की प्रचार अभियान समिति के अध्यक्ष और राज्य के सबसे शक्तिशाली मंत्रियों में शुमार थे। सुधाकर निवर्तमान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के भरोसेमंद सहयोगी बताए जाते थे। कोचिंग संचालक प्रदीप ईश्वर ने उन्हें चिक्काबल्लापुर सीट पर 10,642 वोटों से मात दी। ईश्वर परिश्रम एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं, जो मेडिकल और दूसरी प्रवेश परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करता है। यह कोचिंग एक बार सुधाकर की मदद से ही खोला था। ईश्वर की पत्नी भी उसी कोचिंग संस्थान में पढ़ाती हैं।

### 'डॉक्टर जीतता है या डॉक्टरों का टीचर'

प्रचार अभियान के दौरान ईश्वर ने अपने उग्र भाषणों से लोकप्रियता हासिल की, जिससे वह देखते ही देखते सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हो गए। ईश्वर का एक भाषण खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने खुद को अनाथ और 12वीं पास गरीब व्यक्ति बताते हुए अपनी तुलना मेडिकल डॉक्टर, सुधाकर से की थी। इसमें उन्होंने कहा था, 'देखते हैं कि डॉक्टर जीतता है या डॉक्टरों का टीचर।'

### सियासत में ऐसे हुई एंट्री

ईश्वर पहली बार 2016 में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सुर्खियों में आए थे, जिसमें मांग की गई थी कि सरकार बेंगलुरु के बाहरी इलाके देवनहल्ली में विजीपुरा को एक तालुक घोषित करे। वह विरोध प्रदर्शन तो फेल हो गया था। इसके बाद वह वर्ष 2017 में एक बार फिर सुर्खियों में आए। इस बार उन्होंने एक स्थानीय टेलीविजन चैनल के एंकर के रूप में चिक्काबल्लापुर में लोकप्रियता बटोरी। जल्द ही वह यूट्यूब पर सुधाकर के खिलाफ छोटे-छोटे 1-2 मिनट के वीडियो अपलोड करने लगे। इन्हीं वीडियो ने कांग्रेस नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसने उन्हें चिक्काबल्लापुर से उम्मीदवार बनाया। प्रदीप ईश्वर ने कांग्रेस की उम्मीदों को यहां चार चांद लगाया और राज्य में पार्टी के सबसे युवा विधायक बन गए।

# हाईक्वालिटी की है केरल में जब्त ड्रग्स, कीमत 25 हजार करोड़ रु

### ऑपरेशन समुद्रगुप्त से मिली बड़ी सफलता

कोच्चि, (एजेंसी)। केरल में शनिवार को जब्त 2525 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स 12 हजार करोड़ रुपए नहीं, 25 हजार करोड़ रुपए की है। दरअसल इसकी क्वालिटी बेहद अच्छी है, इसलिए कीमत इतनी ज्यादा है। भारतीय नौसेना और एनसीबी ने जॉइंट ऑपरेशन मेंन केरल तट के पास से इस ड्रग्स को जब्त किया था। तस्करों ने ड्रग्स को बहुत ही सामान्य बोरों में रखा था, जिससे किसी को शक ना हो। तस्करों ने ड्रग्स को बहुत ही सामान्य बोरों में रखा था, जिससे किसी को शक ना हो।

नेवी व एनसीबी को ड्रग्स की कीमत पता लगाने में 23 घंटे का समय लगा। एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संजय कुमार सिंह ने बताया कि कीमत के हिसाब से ये भारत में ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती है। यह ड्रग्स पाक से ट्रांसपोर्ट हुई। यहां से इसे ईरान के चाबहार पोर्ट पहुंचाया गया। इसके बाद इसे बोट से भारत लाया गया। इसकी सप्लाई भारत के अलावा श्रीलंका और मालदीव्स में भी होनी थी। ड्रग माफियाओं के प्लान के मुताबिक, ये बोट समुद्र में कुछ जगहों पर रुकती।

# गाजीपुर के जवान की वाराणसी में बस की चपेट में आने से मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वाराणसी में सोमवार सुबह पहड़िया मंडी स्थित 95 बटालियन सीआरपीएफ के कैंप में स्कूल वाहन की टक्कर से ड्यूटी पर तैनात जवान की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कूल बस में अचानक ब्रेक फेल हो गया और गेट पर खड़े जवान को रौंदते हुए बस पिलर से टकराकर रुकी। जवान को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिरनो थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव निवासी वंशराज सिंह (45) 95 बटालियन सीआरपीफ में तैनात थे। कुछ महीने पहले उनका तबादला वाराणसी में हुआ था और परिवार के लोग गाजीपुर शहर स्थित काली धाम कालोनी के आवास में रह रहे थे। जवान वंशराज सिंह की सोमवार सुबह उनकी ड्यूटी गेट पर गार्ड के रूप में लगी थी। बटालियन की स्कूल बस कैंपस के बच्चों को लेकर जा रही थी, बस की रफ्तार भी तेज थी। गेट पर पहुंचते ही बस का ब्रेक फेल हो गया चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बस ने गेट पर तैनात सीआरपीएफ जवान को चपेट में ले लिया।

वंशराज को रौंदते हुए बस पिलर से जा टकराई। जवान बस और पीलर के बीच में ही फंसा रहा। मौके पर मौजूद जवानों ने आनन-फानन बस को धक्का देकर पीछे किया। गंभीर रूप से घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे बिरनो क्षेत्र में मातम का माहौल छा गया। क्योंकि जवान वंशराज सिंह अभी 1 सप्ताह पूर्व ही अपने गांव आए थे और गांव की लोगों के बीच अपना समय भी बिताया था। मृतक जवान वंशराज सिंह वर्ष 2005 में रायपुर छत्तीसगढ़ से केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में भर्ती हुए थे। मृतक जवान बंसराज सिंह के दो पुत्री और एक पुत्र है। यह लोग अपने मां के साथ गाजीपुर स्थित निजी आवास पर रहकर पढ़ाई करते थे। जवान वंशराज सिंह की ससुराल बिरनो गांव के ही पूर्व सैनिक मंटू सिंह के यहां था।जहां मातम पसरा हुआ था स्थानीय लोगों ने बताया कि वह बहुत ही सज्जन और मिलनसार थे। घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी जवान के शव लेकर जैसे ही बिरनो गांव के पास पहुंचे भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हजारों की संख्या में नौजवानों ने एक स्वर में वंशराज सिंह अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा वंशराज सिंह का नाम रहेगा। जैसे नारे लगाते हुए जवान के गांव बल्लीपुर पहुंचे। गांव पर परिवार के लोगों का आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। बड़े भाई भक्तराज सिंह घर पर रहकर खेती किसानी का कार्य करते हैं भाई के शव को देखकर उनके जुबान से कुछ भी नहीं निकल पा रहा था। परिवार जनों को समझाते बुझाते हुए क्षेत्रीय सम्मानित लोग भी मौजूद रहे। सीआरपीएफ के जवानों ने अपने जवान को गार्ड आफ ऑनर देकर आखरी सलामी दी। जवान के बड़े भाई भक्तराज सिंह ने मुखाग्नि दी।

## एमएलसी विशाल सिंह ने 110 लोगों को इलाज के लिए दिलाई आर्थिक सहायता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोकप्रिय एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने अपने दूसरे कार्य काल के प्रथम वर्ष में जून 22 से 31 मार्च 23 तक 110 लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलायी है। इस बाबत एमएलसी विशाल सिंह ने कई बार यह कहा है कि हमारा ये प्रयास है कि गाजीपुर का कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव में इलाज कराने से न चुके और गाजीपुर का अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति छूट न जाये। गाजीपुर में भाजपा का कोई भी सांसद और विधायक न होने के कारण एमएलसी साहब गाजीपुर के एकलौते जनप्रतिनिधि हैं जो उच्च सदन में गाजीपुर की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हैं। आज उसी की देन है कि पूर्वांचल में मुख्यमंत्री का कहीं भी दौरा हो एमएलसी विशाल सिंह चंचल जी को सूचना पहले ही प्राप्त होती है। और आर्थिक सहायता गाजीपुर में सबसे पहले प्राप्त होती है।



## किसान धान का नर्सरी डालने की करें तैयारी, प्रमाणित बीजों का करें प्रयोग : संजना

प्रखर तमकुही, कुशीनगर। कृषि विभाग तमकुही में कार्यरत प्राविधिक सहायक संजना ने बताया किसान अभी धान की नर्सरी डालने की तैयारी शुरू कर दे, जिससे यह नर्सरी रोपाई के लिए तैयार हो जाय। जिससे मानसून के आते ही बुवाई शुरू हो सके। किसान नर्सरी डालने के लिए प्रमाणित बीज का ही प्रयोग करे। उन्होंने रजवटिया न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गावो में भ्रमण कर किसानों को बताया कि धान की खेती में ज्यादा यूरिया व पानी के इस्तेमाल से खतरनाक मीथेन गैस का उत्पादन होता हैं। धान की जरई और बुवाई के लिए तैयार खेत में उर्वरकों के प्रयोग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। किसानों को उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर ही करना चाहिए। धान की नर्सरी डालने से पहले किसानों को बीज शोधन जरूर करना चाहिए। वहीं जहां पर जीवाणु झुलसा या जीवाणु धारी रोग की समस्या हो, वहां पर 25 किलो बीज के लिए 4 ग्राम स्ट्रेप्टोमाइसीन सल्फेट या 40 ग्राम प्लांटोमाइसीन धान के बीज के साथ पानी में भिगोकर रातभर भिगो देना चाहिए। दूसरे दिन इसको छाया में सुखाकर नर्सरी डालना चाहिए। उन्होंने बताया कि धान की नर्सरी के लिए एक हेक्टेयर क्षेत्रफल की रोपाई के लिए 800 से लेकर 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में महीन धान का 30 किलो, मध्यम धान का 35 किलो और मोटे धान के लिए 40 किलो धान बीज पौधा तैयार करने के लिए नर्सरी में डालते हैं। ऊसर भूमि में यह मात्रा सवा गुनी कर दी जाती है। एक हेक्टेयर नर्सरी में लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल की रोपाई की जाती है।जरई डालने से पहले खेत की 2-3 जुताई करके मजबूत मेड़बंदी कर देनी चाहिए। इससे खेत में पर्याप्त मात्रा में पानी रुक जाता है। उन्होंने बताया कि धान की फसल को सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में किसान धान की नर्सरी से लेकर बुवाई तक जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बताया कि कृषि रक्षा इकाई तमकुही पर सस्ते दामों पर नाटी मंसूरी, सम्भा, मालवीय सुगन्धित धान की प्रजाति की बीज के साथ ही ट्राइकोडर्मा कीटनाशक उपलब्ध हैं, किसान लाभ ले सकते है।

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने एक्सईएन और डीआईओएस का वेतन रोकने के लिए दिया निर्देश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी हेतु बैठक की। संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माहवार प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आमजन को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जनपद के झोलाछापो पर टीम बनाकर जांच कर कार्यवाही की बात कही। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के डिफाल्टर होने पर दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने एवं खंड विकास अधिकारी भांवरकोल के मीटिंग में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में पड़े खराब हैंडपंपों को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विकास खंडों में कम से कम दो अमृतसरोवरों का निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के संबंध में कर्मचारियों के साथ समीक्षा कर समयांतर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## जीएसटी सर्वे छापेमारी के खिलाफ व्यापार मंडल ने विभाग को सौंपा पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले में जीएसटी सर्वे के नाम पर छापेमारी का व्यापार मंडल ने विरोध जताया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन के आह्वान पर जीएसटी विभाग द्वारा 16 मई से 15 जुलाई तक जीएसटी विभाग द्वारा चलाए जा रहे सर्वे के विरोध में पत्रक दिया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजीपुर के जिला अध्यक्ष विजय शंकर वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जीएसटी विभाग गाजीपुर को जनरल सर्वे छापे के विरोध में पत्रक दिया। पत्रक में जीएसटी कमिश्नर लखनऊ से आग्रह किया कि व्यापारियों का जनरल सर्वे छापा नहीं किया जाए। जिला अध्यक्ष विजय सरकार वर्मा ने कहा कि जनरल सर्वे छापे न किए जाने का व्यापारियों ने अनुरोध किया है। यह कहा कि जनरल छापों की वजह से व्यापारियों में भय की स्थिति है। व्यापारी छापे की डर से दुकानें बंद कर रहे हैं जो कि उचित नहीं है। मामले में हस्तक्षेप करते हुए तत्काल जनरल सर्वे छापे रोकने की मांग की गई। उन्होंने कहा यदि किसी व्यापारी की शिकायत हो तो सिर्फ उसके यहां ही जांच होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में निर्गुण दास केसरी, रूद्रेश कुमार निगम, संजय केसरी, अभय गुप्ता, सुनील गुप्ता, नईम अहमद, अच्छे लाल कुशवाहा, नंदन शर्मा, नवीन जायसवाल, संजय गौतम, अनिल कुमार, गणेश जी वर्मा, ईश्वर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोरिडिहा बाजार के समीप एक बाइक सवार ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज के दौरान मौत हो गईए घटना की भनक लगते ही स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के समोधीपुर गांव के निवासी लालजी का 26 वर्षीय पुत्र साहिल अपने किसी निजी काम से सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोरिडिहा बाजार के समीप गया हुआ था। जब वह वापस घर के लिए निकला ही था कि बाजार से 100 मीटर दूर जौनपुर के तरफ से आ रही एक ट्रक ने टक्कर मार दीए जोरदार टक्कर होने के कारण साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान युवक की मृत घोषित कर दिया है। उधर सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## निकाय चुनाव में भाजपा के लिए ब्रांड बनकर उभरे सपना सिंह और पंकज सिंह चंचल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय एवम नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के युवा नेता पंकज सिंह चंचल और जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एक स्टार प्रचारक के रुप में उभरे हैं। उन्होने अपने मेहनत और चुनावी मैनेजमेंट के चलते भाजपा का स्कोर दूना करने में सफलता प्राप्त की है। इस बात की चर्चा सियासी गलियारों में हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह अपना कार्यभार संभालते ही लगातार नारी सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं। सरकारी और गैर सरकारी महिला कल्याण के कार्यक्रमों में भाग लेकर उन्हे जागरुक करने का प्रयास लगातार करती रही हैं। इसी का परिणाम है कि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह वर्तमान समय में जिले की महिलाओं में काफी लोकप्रिय हो गयी हैं। शहर के मुहल्लों से लेकर गांव की गलियों तक सपना सिंह का नाम नारी सशक्तिकरण की दिशा में ब्रांड की तरह उभरा है। निकाय चुनाव में नामांकन से लेकर चुनाव के अंतिम समय तक उन्होने तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायतों में दिनरात एक कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। डोर-टू-डोर जाकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। नुक्कड़ सभा और रथ यात्रा में भाग लेकर इन्होने भाजपा प्रत्याशियों की फिजा बनाने में हर संभव प्रयास किया। नगर पालिका गाजीपुर में उन्होने सरिता अग्रवाल के पक्ष में मुहल्ले-मुहल्ले जाकर जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद मांगा। वहीं भाजपा के युवा नेता पंकज सिंह चंचल भी नगरपालिका गाजीपुर, मुहम्मदाबाद और जमानियां नगर पंचायत, सैदपुर, सादात, दिलदारनगर, बहादुरगंज और जंगीपुर में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। नुक्कड़ सभाओं के अलावा रथ यात्रा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में नगरवासियों से अपील किया। सपना सिंह और पंकज सिंह चंचल के चुनाव प्रचार में लगन और परिश्रम को देखते हुए सियासी गलियारों में चर्चा है कि अब भाजपा भी सहकारिता सहित निकाय चुनाव में भी विपक्षियों को कड़ी टक्कर देगी क्योंकि पिछले निकाय चुनाव में भाजपा गाजीपुर और सादात में विजयी हुई थी और इस चुनाव में गाजीपुर, जमानियां, सैदपुर और दिलदारनगर के अध्यक्ष के सीट पर कब्जा कर आने वाले राजनीतिक तूफान का संकेत दिया है।



# क्षय रोगियों को खोजने के लिए 198 हेल्थ सेंटर पर शुरू हुआ अभियान




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में सोमवार से एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत - हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से क्षय रोगियों को खोजने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई। सेंटर पर क्षयरोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर बलगम का सैंपल जांच के लिए भेजा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ मनोज कुमार ने बताया कि हर माह की 15 तारीख को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस पर क्षय रोग की जांच, उपचार आदि के सेवाएँ दी जा रही हैं। रोगियों को सम्पूर्ण उपचार के साथ भावनात्मक सहयोग भी दिया जा रहा है। सोमवार को मनाए गए एकीकृत निक्षय दिवस के साथ ही जिले के 198 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर क्षय रोगियों को खोजने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान 7 जून तक चलेगा। अभियान में सीएचओ व आशा कार्यकर्ता के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार आदि की सेवाएँ दी जाएंगी। इसके साथ ही जनपद में पब्लिक टीबी नोटिफिकेशन के सापेक्ष प्राइवेट नोटिफिकेशन को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सोमवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 21 दिन तक चलेगा। इसमें हर सप्ताह सेंटर पर एक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। क्षय रोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से अब तक जनपद में 1553 क्षय रोगियों को नोटिफाई किया जा चुका है। इसमें 1392 पब्लिक व 151 प्राइवेट क्षेत्र के हैं। इन सभी रोगियों का उपचार चल रहा है। इस वर्ष जनवरी से अब तक निक्षय मित्रों की 27 संख्या है जिन्होंने 35 क्षय रोगियों को गोद लिया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि क्षय रोगियों कि सहायता करने के लिए आगे आयें और निक्षय मित्र बनकर भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-11-6666 पर संपर्क किया जा सकता है। दवा का पूरा कोर्स जरूरी झ जिला पीपीएम समन्वयक एके दुबे ने बताया कि यदि टीबी की पहचान शुरूआती दिनों में हो जाए तो मरीज छह माह के सम्पूर्ण उपचार से ठीक हो जाता है। टीबी का इलाज अधूरा छोड़ने पर यह गंभीर रूप लेकर मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के रूप में सामने आता है। टीबी के मरीज ड्रग रेजिस्टेंट न हों इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला टीबी नियंत्रण इकाई मरीजों का नियमित फॉलोअप कर रही है। टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये पोषण भत्ते के रूप में सीधे मरीज के खाते में भेजे जाते हैं।

## डीआईजी ने किया अपराध तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने पर समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया द्वारा परिक्षेत्रीय कैम्प कार्यालय पर अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी में ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक गाजीपुर, डा0 अजय पाल पुलिस अधीक्षक जौनपुर व सुखराम भारती अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान मुख्य रुप से माफिया अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं हत्या, लूट, नकबजनी की घटनाओं के रोकथाम व अनवर्क आउट घटनाओं के अनावरण, संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी, शत-प्रतिशत माल की बरामदगी तथा महिला उत्पीड़न, पाक्सो, अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न के अपराधों के सम्बन्ध में विस्तार से समीक्षा की गयी एवं अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने हेतु फुट पेट्रोलिंग, प्रभावी गस्त, एन्टी रोमियों को विशेष रुप से सक्रिय किये जाने आदि की कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी व पूर्व ग्राम प्रधान की पुण्यतिथि मनाई गई



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के ग्राम सभा सिंधोरा के लगातार 7 बार ग्राम प्रधान रहे स्व0 भइया लाल की 24वी पुण्यतिथि मंगलवार को सरायशेखलार्ड स्थित उनके समाधि स्थल मनाई गई। पूर्व ग्राम प्रधान भइया लाल को 16 मई 1999 में इनकी एक पंचायत में पहुचने के पूर्व बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसी स्थल पर किसानों ने अपनी जमीन देकर समाधि स्थल का निर्माण कराया। तभी से समाजसेवी व पूर्व ग्राम प्रधान की पुण्यतिथि क्षेत्रीय लोग मनाते है। उसी क्रम में मंगलवार को उनके समाधि स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान भैयाराम मौर्य, सुरजीत मौर्य, निजामुद्दीन, फौजदार शर्मा, संजय साहू, रोहित बरनवाल, सत्यनारायण जायसवाल, राजेश साहू, सोनू मोदनवाल समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, पत्नी व पुत्र घायल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के नथईपुर तिराहे के समीप मंगलवार को सुबह 7 बजे ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार पति की जहाँ मौत हो गई वही पत्नी व पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बाबतपुर- जमालापुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। बताया जाता है कि बैरवन रोहनिया निवासी धर्मेंद्र पटेल 37 वर्ष बराई स्थित भांजी की शादी में शामिल होने के बाद बाइक से पत्नी सावित्री व पुत्र आयुष 5 वर्ष को लेकर घर जा रहा था। नथईपुर तिराहे पर एक डीजे से बाबतपुर से जमालापुर की तरफ जा रही थी तभी बाइक सवार के पीछे से ट्रक बाबतपुर जा रही थी। डीजे चालक द्वारा अपने दाहिने आ जाने से ट्रक चालक अपने बाए आ गया। जिसके चलते बाइक सवार उसके चपेट में आ गए और घटना स्थल पर ही धर्मेंद्र का सिर पहिये के नीचे आने से मौके पर मौत हो गई। वही पत्नी सावित्री और बेटे आयुष को गंभीर चोटें आईं। जिन्हें गंभीरावस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही घटना के समय पीछे से आ रहे अन्य परिजन भी मौके पर पहुच गए और रोने बिलखने लगे। वही घटना से क्षुब्ध ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर बाबतपुर- जमालापुर मार्ग पर बांस बल्ली लगाकर चक्का जाम कर दिया। मौके पर अधिकारी ग्रामीणों के समझाने बुझाने में लगे रहे। सूचना पर रोहनिया विधायक सुनील पटेल भी मौके पर पहुचकर परिजनों को सांत्वना देने के साथ लोगों से घटना की जानकारी लेने के साथ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर एसीपी अमित पांडेय, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, चौकी इंचार्ज विवेक पाठक मय फोर्स पहुच जाम खुलवाने में लगे रहे।



### आरिफ ने बढ़ाया जिले का गौरव, पटना में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सम्मानित




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिहार की राजधानी पटना के सुप्रसिद्ध लेमन ट्री होटल में राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना के कार्यपालक निदेशक श्री संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, जिसमें एनसीडीसी नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी जिलों के आए हुए जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट तथा पार्टनर एजेंसी के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोविड-19 जैसी महामारी में उत्कृष्ट कार्य करने तथा आईएचआईपी और आईडीएसपी से संबंधित अच्छे कार्य करने के लिए आरिफ अली सिद्दीकी जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट समस्तीपुर को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर संजय कुमार सिंह आईएएस तथा डॉ हिमांशु चौहान एनपीओ के द्वारा सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें कि आरिफ अली सिद्दीकी गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद कस्बा के रहने वाले हैं। आरिफ विभाग में स्वच्छ छवि, ईमानदारी और अपनी कर्मठता के लिये प्रसिद्ध हैं। जिनके कार्यों और सेवाओं के समर्पण को देखते हुए केंद और राज्य सरकारों के द्वारा समय-समय पर अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता रहा है। आरिफ को सम्मानित किए जाने पर दोस्तों, रिश्तेदारों, क्षेत्रवासियों सहित जनपद में खुशी का माहौल है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं